● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 221, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 23 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पीएमएमएल ने लिखा सोनिया गांधी को पत्र 5

भारत ने 280 रन से जीता चेपॉक टेस्ट 6

## भारत और अमेरिका के बीच मेगा डील



### ड्रोन से लेकर सेमीकंडक्टर तक कई क्षेत्रों में बनी सहमति

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ ''बेहद सार्थक'' बैठक की और इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया। राष्ट्रपति बाइडन ने शनिवार को डेलावेयर के ग्रीनविले स्थित अपने आवास पर उनका स्वागत किया।

इस मुलाकात के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। दोनों देशों के बीच हुई इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। जानें भारत और अमेरिका के बीच कौन-कौन सी डील हुई हैं। भारत अमेरिका के बीच ड्रोन और लड़ाकू विमान की खरीद को लेकर एक बडा करार हुआ है। भारत अमेरिका से 31 जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9बी (16 स्काई गार्डियन और 15 सी गार्डियन) ड्रोन की खरीदने जा रहा है। अमेरिका ने फरवरी में भारतीय सेना को 3.99 अरब डॉलर की अनुमानित कीमत पर 31 एमक्यू-9बी ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दी थी। इन 31 ड्रोन में से, भारतीय नौसेना को 15 सी गार्डियन ड्रोन, भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना को आठ स्काई गार्जियन ड्रोन मिलेंगे। ये ड्रोन भारत के सशस्त्र बलों की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को एक नए स्तर पर ले जाएंगे।

इसके अलावा भारत और अमेरिका के बीच लॉकहीड मार्टिन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के संयुक्त समझौते पर भी बातचीत हुई है। यह डील सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान के लिए एमआरओ सुविधा स्थापित करने के लिए हुआ है। जो वैश्विक मिशन में भारत के लिए बड़ा मददगार साबित होने वाला है। यह रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में अमेरिका-भारत सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राष्ट्रपति बाइडन ने सभी विमानों और विमान इंजनों के पार्ट्स सहित रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र पर 5 प्रतिशत की एक समान वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) निर्धारित करने के भारत के फैसले का स्वागत किया। जिससे भारत में एमआरओ सेवाओं के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। बता दें कि कई अमेरिकी विमानन कंपनियां मानव रहित यान की मरम्मत की सुविधा भारत में विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश करना चाहती है।

## आतंकवाद खत्म होने तक हम पाक से बातचीत के पक्ष में नहीं : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लगातार दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। नौशेरा में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा- फारूक अब्दुल्ला चाहते हैं कि हम आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान से बातचीत करें। आतंकवाद खत्म होने तक हम पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं है।

फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि वे धारा 370 को वापस लाएंगे। फारूक साहब, अब धारा 370 कोई वापस नहीं ला सकते। अब बंकरों की जरूरत नहीं है, क्योंकि गोली चलाने की कोई हिम्मत नहीं कर सकता। अगर वहां गोली आई तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।

शाह के हमले पर फारूक अब्दुल्ला ने पलटवार किया। उन्होंने कहा- केंद्र सरकार चीन से बात



कर सकती है, जिन्होंने हमारी 2 हजार किलोमीटर की जमीन पर कब्जा किया। पाकिस्तान से क्यों नहीं बात कर सकती। आतंकवाद का हल निकालना होगा। कब तक हमारे लोग मरते रहेंगे।

आतंकवाद को हम पाताल में दफ्न करेंगे। आज जम्मू-कश्मीर में शान से तिरंगा लहराया जा रहा है। वो लोग शेख अब्दुल्ला का झंडा वापस लाना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर में केवल हमारा तिरंगा लहराएगा। वे चाहते हैं कि हम पाकिस्तान से बातचीत करें। हम आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं हैं। वे आतंकवादियों को जेलों से रिहा करना चाहते हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार ने आतंकवाद को बहुत गहराई में दफ्ना दिया है। कोई भी आतंकवादी या पत्थरबाज जेल से रिहा नहीं होगा। कांग्रेस, एनसी ने कहा है कि पहाड़ियों, गुर्जर बकरवाल, दलित, वाल्मीकि, ओबीसी समुदाय को जो आरक्षण दिया गया, उस पर फिर से विचार किया जाएगा। राहुल गांधी अमेरिका में जाकर कहते हैं कि अब इनका विकास हो चुका है, अब इन्हें आरक्षण की जरूरत नहीं है। राहुल बाबा, हम आपको आरक्षण हटाने नहीं देंगे। पहाड़ी भाई बहनों के आरक्षण का अधिकार कांग्रेस, एनसी और पीडीपी ने 70 वर्षों तक छीन रखा था। पहाड़ियों को आरक्षण न देने का इनका फैसला था।

## पंजाब सरकार में बड़े फेर बदल की तैयारी, चार मंत्रियों की छुट्टी तय, पांच नए चेहरे होंगे शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब के मंत्रिमंडल में सोमवार को बड़े फेरबदल की तैयारी है। पंजाब राजभवन में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की मौजूदगी में कैबिनेट में शामिल होने वाले नए चेहरों के शपथ समारोह को लेकर रविवार शाम से ही तैयारियां शुरू कर दी गई। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने बताया की मौजूदा मंत्रिमंडल से चार मंत्रियों की छुट्टी की जा रही है, जबकि संगरूर से लोकसभा सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर की जगह मंत्रिमंडल में नए चेहरे के साथ पांच नए मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी की गई है।

सूत्रों की माने तो कैबिनेट से जिन चार मंत्रियों की छुट्टी की जा रही है, उनमें कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान, कैबिनेट मंत्री चेतन सिंह जोड़ामाजरा, कैबिनेट मंत्री ब्रह्म शंकर जिम्पा और कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह की छुट्टी होनी तय मानी जा रही है। इन मंत्रियों के इस्तीफे भी शपथ समारोह से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा के पास पहुंच चुके हैं। पंजाब मंत्रिमंडल में जिन पांच नए चेहरों के शामिल कराए जाने की चर्चा है, उनमें हरदीप सिंह मुंडिया, बरिंदर कुमार गोयल, डॉक्टर रविजोत, तरनप्रीत सिंह सोन्ध और महिंदर भगत का नाम बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है बीते दिनों नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंत्रिमंडल के नए विस्तार को लेकर पूरी रिपोर्ट पेश की थी, इसके बाद खुद पार्टी प्रमुख केजरीवाल ने मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले पांच नए चेहरों को लेकर सीएम, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी फीडबैक लिए गए हैं।

## बिहार में बाढ़ के कारण 4 ट्रेनें कैंसिल

**नई दिल्ली।** बिहार में भी गंगा समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ने से पटना, भागलपुर, मुंगेर और बेगूसराय में बाढ़ जैसे हालात हैं। भागलपुर-जमालपुर पटरी पर पानी भरने के कारण 4 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया, जबकि 12 ट्रेनों का रूट बदला गया। मुंगेर में एनएच-80 पर 4 फीट तक पानी बह रहा है। उत्तर प्रदेश में बारिश के चलते तीन दिनों से 21 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इस कारण काशी और प्रयागराज में सभी घाट डूबे हुए हैं।

## कांग्रेस-बसपा, इनेलो व आप पर बरसे सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हरियाणा के चुनावी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नरवाना, राई और असंध विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा की। योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों के बलबूते हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने का आह्वान किया। कांग्रेस-इनेलो, बसपा व आम आदमी पार्टी उनके निशाने पर रही। कांग्रेस पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने असंध में कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा। इसे ऑक्सीजन दोगे तो यह सुरक्षा में



सेंध लगाएगी। सीएम कांग्रेस, इनेलो, आप और बसपा पर हमलावर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा नरवाना से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कृष्ण कुमार बेदी के पक्ष में हुई। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हो चुके हैं। 1947 में आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री बने थे। वे भी राम मंदिर बना सकते थे। उस समय विवाद भी इतना नहीं था। आजादी के तत्काल बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया तो इसके जिम्मेदार सेक्युलरिज्म का लबादा जोड़ने वाले दल हैं। प्रभु राम के नाम से कांग्रेस व इनेलो को परेशानी होती थी। इनका प्रयास भारत की आस्था व महापुरुष का अपमान करना था। भाजपा ने विवाद समाप्त कराए और राम मंदिर का निर्माण कराया।

## कर्नाटक हाईकोर्ट जज ने विवादित कमेंट्स पर खेद जताया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशानंद ने सुनवाई के दौरान किए गए विवादित कमेंट्स पर खेद जताया है। शनिवार को कोर्ट प्रोसीडिंग के दौरान उन्होंने कहा कि कमेंट्स को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत ढंग से दिखाया गया है।

जब जस्टिस श्रीशानंद यह मैसेज पढ़ रहे थे तब एडवोकेट्स एसोसिएशन, बेंगलुरु (एएबी) के कुछ सदस्य भी मौजूद थे। वकीलों के मुताबिक जज ने भविष्य में दोबारा ऐसा न करने का आश्वासन दिया है।

## एमपी में आर्मी ट्रेन डिरेल करने की साजिश

**नई दिल्ली।** देश के 3 राज्यों में ट्रेन पलटने की साजिश की गईं। हालांकि तीनों जगहों पर ही लोको पायलट ने साजिश को नाकाम कर दिया। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में सेना के जवानों को ले जा रही ट्रेन में विस्फोट की कोशिश की गई थी। यह घटना 18 सितंबर की है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि बुरहानपुर के नेपानगर में रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए गए। हालांकि ट्रेन के पहुंचने से पहले ही कुछ डेटोनेटर फूट गए। इससे रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए और स्टेशन पर ट्रेन रुकवा दी गई। यूपी के कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास ट्रैक पर एक छोटा सिलेंडर रखा मिला। जेटीटीएन गुड्स ट्रेन के लोको पायलट ने सिलेंडर देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को 10 फीट पहले ही रोक लिया।

पंजाब के बठिंडा में रेलवे ट्रैक पर सरियों का बंडल रख दिया गया। इसे देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे हादसा टल गया।

बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार रात मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल लाइन के बीच इंजन के कुल 6 चक्के पटरी से उतर गए। घटना शनिवार की रात 8.31 बजे की है। शुरुआती जांच में लोको पायलट और पॉइंट मैन की लापरवाही सामने आई है।

## लांछन के साथ कुर्सी तो क्या सांस भी नहीं ले सकता हूं, जी भी नहीं सकता : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार (22 सितंबर) को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनसभा की। उन्होंने 2011 में हुए अन्ना आंदोलन और पहली बार चुनाव जीतने की घटना का जिक्र किया। कहा- हम पहली बार में ही ईमानदारी के दम पर सत्ता में आ गए।

इस्तीफे पर केजरीवाल ने कहा- सत्ता और कुर्सी का लालची नहीं हूं। भाजपा ने भ्रष्टाचारी और चोर कहा तो दुख हुआ। लांछन के साथ कुर्सी तो क्या सांस भी नहीं ले सकता हूं, जी भी नहीं सकता। अगला दिल्ली चुनाव मेरी अग्नि परीक्षा है, अगर ईमानदार लगूं तो



ही वोट देना।

क संयोजक ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से 5 सवाल पूछे। कहा- जब 75 साल में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और कलराज मिश्र जैसे नेताओं को रिटायर कर दिया तो ये नियम मोदी पर लागू क्यों नहीं। अमित शाह कह रहे हैं कि मोदी पर लागू नहीं होगा। भागवत जी जवाब दीजिए। दिल्ली शराब नीति केस में 13 सितंबर को जमानत पर बाहर आने के बाद केजरीवाल ने 17 सितंबर को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। 21 सितंबर को आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बन गईं।

केजरीवाल बोले- ईमानदारी से चुनाव लड़े जा सकते हैं और जीते भी जा सकते हैं मुझे आज भी याद है। 4 अप्रैल 2011 का दिन था, जब आजाद भारत का भ्रष्टाचार विरोधी सबसे बड़ा आंदोलन यहां जंतर-मंतर से शुरू हुआ था। उस वक्त की सरकार अहंकारी थी। चैलेंज करते थे कि चुनाव जीतकर दिखाओ। हम छोटे थे, चुनाव के लिए पैसा चाहिए था, गुंडे चाहिए थे, आदमी चाहिए थे। हम कैसे लड़ते हमारे पास कुछ नहीं था। हम भी चुनाव लड़ लिए, जनता ने जिता दिया, पहली बार में आम आदमी पार्टी की सरकार बना दी। हमने साबित कर दिया कि ईमानदारी से चुनाव लड़े जा सकते हैं और जीते भी जा सकते हैं।

पैसे कमाने सत्ता में नहीं आया, हम देश की राजनीति बदलने आए थे दिल्ली के अंदर 10 साल से ईमानदारी से सरकार चला रहे थे और पैसे बचा रहे थे। षड्यंत्र रचकर इन लोगों ने हमारे एक-एक नेता को जेल में डाल दिया। हम जेल से बाहर आ गए और इसके बाद मैंने इस्तीफा दे दिया।

## तिरुपति लड्डू विवाद में आंध्र डिप्टी सीएम बोले-भगवान से क्षमा मांगी

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) में प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में आंध्र प्रदेश के डिप्टी ष्टरूपवन कल्याण ने कहा- जब हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया जाता है तो हमें चुप नहीं रहना चाहिए। अगर ऐसा मस्जिदों या चर्चों में होता तो देश में गुस्सा भड़क उठता।


पवन कल्याण ने रविवार (22 सितंबर) से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास करेंगे। पवन ने कहा- मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित करूंगा।

पवन कल्याण ने सोशल मीडिया ङ्ग पर लिखा, पवित्र माने जाने वाले तिरुमाला लड्डू प्रसादम को जगन रेड्डी की सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण अपवित्र कर दिया गया है। इस पाप को शुरू में न पहचान पाना हिंदू जाति पर एक कलंक है। जिस पल मुझे पता चला कि लड्डू प्रसादम में जानवरों की चर्बी हैं, मैं हैरान रह गया। खुद को दोषी महसूस कर रहा हूं। चूंकि मैं लोगों के कल्याण के लिए लड़ रहा हूं, इसलिए मुझे दुख है कि मैं इसे पहचान क्यों नहीं पाया।

## शुभंकर सरकार बंगाल कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में बड़ा फेरबदल करते हुए शुभंकर सरकार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया है। फिलहाल वे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव थे। उनके पास अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम की जिम्मेदारी थी। अब वे अधीर रंजन चौधरी की जगह बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा उदय भानु चिब को इंडियन यूथ कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया गया है। वे श्रीनिवास बीवी की जगह लेंगे। उदय भानु फिलहाल आईवाईसी के महासचिव के पद पर थे। इससे पहले वे जम्मू-कश्मीर प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वहीं कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में भी दो कार्यकारी अध्यक्षों को अपॉइंट किया है। इनमें एमके भारद्वाज और भानु महाजन का नाम शामिल है।

## सीजेआई बोले-सच्चे लीडर्स अपनी ताकत और कमजोरियां पहचानते हैं



**बेंगलुरु।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी के 32वें एनुअल कॉन्वोकेशन डे में हिस्सा लिया।

सीजेआई ने कहा, सच्चे लीडर्स अपनी ताकत और कमजोरियां पहचानते हैं। वे अपनी ताकत का यूज दूसरों को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं। अपनी कमियों को दूर करने के लिए मदद मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि यंग ग्रेजुएट्स (लॉ) को महान सोच रखने के साथ-साथ दयालु इंसान भी बनना चाहिए। अपने व्यक्तित्व और धैर्य के साथ निर्णय लेना चाहिए। निर्णय लेने की प्रक्रिया अनिश्चितता से भरी होती है, लेकिन इससे डरने की कोई बात नहीं है। क्योंकि अनिश्चितता के इन्हीं क्षणों में आपका चरित्र गढ़ा जाता है। आने वाले सालों में आपका जो भी रास्ता हो, आपके अपने निर्णयों के सकारात्मक परिणाम होने की संभावना है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप धैर्य और विनम्रता के साथ इस यात्रा पर चलें। सीजेआई ने कहा- हम छोटी कोशिश से संतुष्टि पाने वाली पीढ़ी बन गए अपने संबोधन में सीजेआई ने धैर्य रखने के गुणों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्टडी से पता चला है कि हम छोटी कोशिस से संतुष्टि पाने वाली पीढ़ी बन गए हैं। तेजी से बदलती दुनिया, जलवायु परिवर्तन, सोशल मीडिया जैसे मनोरंजन के नए तरीके और सामाजिक बुराइयों को बदलने की उत्सुकता की वजह से हम जटिल समस्याओं के लिए शॉर्ट-टर्म रिजल्ट चाहते हैं।

## एमपी ने नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के अनूठे उदाहरण प्रस्तुत किये : डॉ. यादव

### स्वच्छता ही सेवा अभियान में सफाई मित्रों का हो रहा सम्मान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन को देश भर में व्यापक आंदोलन शुरू कर स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करने के जो लक्ष्य निर्धारित किये उन्हें प्राप्त करने में मध्यप्रदेश ने देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। स्वच्छता को सर्वोपरि मानते हुए इंदौर ने सफाई की जो अलख जगाई है, वह पूरे देश में उदाहरण बन चुकी है। इंदौर के नाम लगातार 7 बार देश को स्वच्छतम शहर बने रहने का रिकार्ड है। इंदौर ही देश का पहला वाटर प्लस शहर भी बना है और भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रदेशवासियों से आहवान किया है कि सभी नागरिक संकल्प लें की न तो वे गंदगी फैलाएंगे और न किसी को फैलाने देंगे। अपने आसपास सफाई रखेंगे और लोगों को भी सफाई के लिए प्रेरित करेंगे, तभी सच्चे अर्थों में स्वच्छता ही सेवा अभियान सफल होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको सफाई मित्र बनकर अभियान को सफल बनाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से प्रारंभ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान में एक बार फिर मध्यप्रदेश पूरे जुनून के साथ जूट गया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति मंत्रीगण, जन-प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी और सामाजिक संगठनों के साथ नागरिक भी सजग होकर महती भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेशवासियों और हमारे सफाई मित्रों के मनोबल बढ़ाने के लिये राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भी अपने उज्जैन प्रवास के दौरान सफाई मित्रों से संवाद कर उन्हें सम्मानित किया और श्रीमहाकाल लोक परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। यह मध्यप्रदेश के लिये गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वच्छता के सभी आयामों पर मध्यप्रदेश खरा उतर रहा है। राज्य सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं खुले में मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया है। प्रदेश में जीरो वेस्ट को प्रोत्साहन देने के लिये नगरीय निकायों में जीरो वेस्ट इवेंट भी जारी किये जा रहे हैं। प्रदेश में 401 नगरीय निकायों में सूखे एवं गीले कचरे के प्र-संस्करण के लिये सेंट्रल कम्पोस्टिंग और मटेरियल रिकवरी के लिये इकाइयों की स्थापना की गयी है, जिनसे कम्पोस्ट खाद बनायी जा रही है। प्रदेश में 324 शहरों को सफाई मित्र सुरक्षित शहर घोषित किया गया है। साथ ही सफाई मित्रों की कार्यक्षमता संवर्धन के लिये समय-समय प्रशिक्षण भी आयोजित किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि हाल ही में रीवा नगरपालिका निगम में 158 करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट से प्रतिदिन 340 टन कचरे का ट्रीटमेंट किया जा रहा है। साथ एक दिन में 6 मेगावाट बिजली भी उत्पन्न की जा रही है। सात हजार से अधिक कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन घर-घर जाकर कचरा संग्रहित कर रहे हैं। प्रदेश के सभी गांव ओडीएफ हैं और अब तक 78 लाख 31 हजार व्यक्तिगत शौचालय और 16 हजार 900 से अधिक सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया जा चुका है। प्रदेश के 44 हजार से अधिक गांवों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, 48 हजार से अधिक ग्रामों को लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट और 41 हजार से अधिक ग्रामों को आडीएफ प्लस मॉडल बनाया गया है।

प्रदेश में 17 सितम्बर से प्रारंभ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। हर स्तर पर नागरिकों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाने के साथ प्रेरित भी किया जा रहा है।

# जिलाध्यक्ष के निवास पर मोरवा विस्थापन के विषय में प्रभारी मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल



**सिंगरौली।** अपने दो दिवसीय प्रवास पर सिंगरौली आई प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के निवास भगत सिंह कालोनी मोरवा पहुंची। प्रभारी मंत्री के साथ सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम भी थे। जिलाध्यक्ष के निवास पर मोरवा के विस्थापन के संबंध में एक स्थानीय निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री से भेंट की तथा नगर के सुव्यवस्थित विस्थापन के विषय में प्रभारी मंत्री के सामने अपनी मांगों को रखा। मोरवा नगर के स्थानीय निवासियों तथा व्यवसायियों ने जिलाध्यक्ष के अगुवाई में प्रभारी मंत्री के सामने एनसीएल के विस्थापन मुद्दे को उठाया तथा उससे होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया। मोरवा नगर वासियों ने प्रभारी मंत्री के सामने मांग रखी कि विस्थापन से पहले एन सी एल द्वारा उनकी परिसंम्पतियों के मुआवजे की दर सार्वजनिक की जाय तथा जिस प्रकार से मोरवा बसा हुआ है इसी प्रकार नगर निगम क्षेत्र में उनकी सुव्यवस्थित बसाहट का प्रबंध किया जाय ताकि उनके सामने व्यवसाय और रोजी-रोटी का संकट न उत्पन्न हो। प्रतिनिधि मंडल ने मांग रखी कि उनकी परिसंपत्तियों की दर का निर्धारण नगरीय क्षेत्र के हिसाब से बाजार मूल्य के अनुसार किया जाय तथा जमीन एवं मकान, दुकान अधिग्रहण से पहले परियोजना में नियमानुसार नौकरी का प्रबंध किया जाय । मोरवा वासियों की ये मांग है कि उन्हें एक? बसे बसाए नगर से विस्थापित किया जा रहा है इसलिए उन्हे कहीं दूर न? बसाकर नगरीय क्षेत्र में ही बसाया जाय ताकि उन्हें समस्त मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। प्रतिनिधि मंडल ने मांग रखी कि पहले बसाहट की व्यवस्था कर सम्पत्तियों की कीमत का पूर्ण भुगतान कर ही उनको विस्थापित किया जाय। प्रभारी मंत्री तथा सांसद ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि एन सी एल तथा कोयला मंत्रालय से इस विषय पर पारदर्शी हल निकालने के बाद ही विस्थापन की प्रक्रिया की जायेगी। सरकार आपके साथ है तथा मोरवा नगर वासियों की हितों की रक्षा के लिये राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आपके स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जिलाध्यक्ष लगातार इस विषय को सरकार के सामने रख रहे हैं जिसका पूरा हल निकाला जायेगा।प्रभारी मंत्री ने जिलाध्यक्ष के निवास पर उनके परिवार के सदस्यों से भी आत्मीय भेंट की तथा वहां पर उपस्थित समस्त जन सामान्य से भाजपा सदस्यता महाभियान से अवगत कराया तथा उपस्थित जन सामान्य को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई तथा अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी में जुड़ कर मोदी के हाथों को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिये प्रेरित किया।

## भारतीय मजदूर संघ की संगोष्ठी संपन्न



**सिंगरौली।** भारतीय मजदूर संघ 70 वर्ष प्रवेश में जन जागरण अभियान जारी है भारतीय मजदूर संघ 10000 श्रमिकों के साथ लगातार संपर्क करेगा एवं भारतीय केमिकल मजदूर संघ सिंगरौली केमिकल के श्रमिक भाइयों से विभिन्न प्रकार के समस्याओं पर संगोष्ठी करते हुए बैठक में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ सिंगरौली सीधी के विभाग प्रमुख रमन चौकीदार भारतीय मजदूर संघ जिला सिंगरौली के जिला अध्यक्ष लखपति साकेत भारतीय मजदूर संघ सिंगरौली जिला मंत्री निर्मेश तिवारी भारती केमिकल मजदूर संघ सिंगरौली के समस्त श्रमिक भाई कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे एवं भारतीय मजदूर संघ भारत माता की जय बोलकर राष्ट्रहित उद्योग हित मजदूर हित को ध्यान में रखते हुए बैठक संपन्न हुआ।

# बिजली का खम्भा चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा



**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना इलाके के निवास चौकी क्षेत्र के रजनिया गाव मे बीते दिवस चोरो ने बिजली के खंभा चोरी कर लिए थे। जहा निवास पुलिस ने चोरो को गिरफ्तार कर लिया है। इधर बता दे कि पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के कुशल निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा जिला सिंगरौली,एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन मे उपनिरी. प्रियंका सिंह बघेल के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा चोरी के आरोपीगण पुलिस के हत्थे चढ़ गए है।

जानकारी मे बताया गया कि बीते 20 अगस्त को फरियादी बिहारीलाल सिहं चौकी आकर रिपोर्ट किया की 19 अगस्त की रात को व्यक्ति भैयालाल प्रजापति पिता स्व, रामखेलावन प्रजापति , बाबूलाल प्रजापति पिता स्व. रामखेलावन प्रजापति दोनो निवासी टिकरी थाना मझौली जिला सीधी कमलेश साहू पिता रघुवर साहू सा. धनवाही चौकी निगरी थाना सरई इनके द्वारा ग्राम रजनिया मे 11 केवीएच बीम पोल एक नग जिसमे विधुत के खडे पोल को काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 164/24 धारा 303(2), 3(5) बी एन एस पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया दौरान विवेचना आरोपी भैयालाल प्रजापति पिता स्व रामखेलावन प्रजापति उम्र 19 वर्ष , बाबूलाल प्रजापति पिता स्व रामखेलावन प्रजापति उम्र 22 वर्ष दोनो निवासी टिकरी थाना मझौली जिला सीधी , कमलेश साहू पिता रघुवर साहू उम्र 25 वर्ष सा. धनवाही चौकी निगरी थाना सरई जिला सिंगरौली तीनो से पूछताछ कि गई जिनके द्वारा बिजली का खम्भा काटकर चोरी करना बताया गया जिस पर उपरोक्त तीनो आरोपी के कब्जे से एक नग बिजली का खम्भा किमती करीबन 40 हजार रुपये जप्त किया गया व आरोपी कमलेश साहू के कब्जे से एक नग अपाची मोटर सायकल किमती करीबन 1 लाख रुपये जप्त किया गया व उक्त तीनो आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे उनि प्रियंका सिंह चौकी प्रभारी निवास, सउनि दीपनारायण, प्रआर ज्ञानेन्द्र सिंह, प्रआर् सचिन तिवारी आर. प्रभात दुबे का सराहनीय योग्यदान रहा।

# चमारीडोल में घरों के सामने जमा बरसात का पानी, बीमारियों का बढ़ा खतरा



**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले सरई तहसील अंतगर्त चमारीडोल बंसल मोहल्ला मे हाल ही में हुए बारिश के चलते कई घरों के सामने पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों तक भरा पानी आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहा है और रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है। घरों के सामने जमा हुआ पानी न केवल असुविधा का कारण बन रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बढ़ा रहा है स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस पानी के ठहरने से मच्छरों की वृद्धि हो रही है, जो संक्रामक बीमारियों जैसे डेंगू और मलेरिया के फैलने का खतरा बढ़ते हैं। जिससे स्थनीय चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो इसके गंभीर स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती, तो यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। ग्रमीणों ने शासन प्रसासन से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है एवं सुझाव भी दिये हैं कि अगर तत्काल नाली निर्माण नहीं हो सकता है तो जहां पर पानी भराव हो रहा है वहां पर भस्सी गिरवा दिया जाय।

# शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था, यातायात पुलिस जुर्माने मे उलझी

## 50 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही

**सिंगरौली।** थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी के नेतृत्व में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 50 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही कर 17000 रूपये जुर्माना अधिरोपित किए जाने के साथ-साथ जागरुकता अभियान चलाया गया। इधर जुर्माने मे यातायात पुलिस उलझी है जबकि शहर की यातायात व्यवस्था बे पटरी है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम के द्वारा शहर के चौराहो पर यातायात नियमों का



उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम लगाया जाकर शहर के विभिन्न चौराहे जैसे माजन मोड़, इंदिरा चौक, अंबेडकर चौक, मस्जिद तिराहा, कालेज तिराहा ,अमलोरी तिराहा, जयंत बस पड़ाव, निम्न स्थानों पर यातायात का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक जो बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठ कर वाहन चलाना।3.वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग,वाहनों का नम्बर प्लेट निर्धारित मानक अनुरूप ना होना,वाहनों में बिना किसी प्राधिकृत व्यक्ति के अनुमति के बिना परिवर्तन या मोडिफिकेशन कराना,दो पहिया वाहनों या बुलेट मोटरसाइकिल में मॉडिफिकेशन साइलेंसर लगाना। नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही के साथ-साथ समझाइए भी दी गई एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। वाहन चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बॉडीवार्म कैमरे की निगरानी में चलानी कार्यवाही की जा रही है बॉडीवार्म म कैमरे के माध्यम से चालानी कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है।शहर की सड़कों पर नो पार्किंग जोन में वाहन चालकों द्वारा वाहनों को खड़ा कर यातायात अवरोध किया जाता है ऐसे वाहनों पर भी व्हील लॉक लगाकर चालानी कार्रवाई यातायात पुलिस टीम के द्वारा माजन मोड़ से इंदिरा चौक तक मुख्य मार्ग में की जा रही है एवं स्थाई रूप से खड़े वाहनों को लगातार हटवाया जा रहा है।

# पुलिस ने अवैध बोल्डर लोड़ कर परिवहन करते दो टैक्टरो को किया जप्त



**सिंगरौली।** अवैध बोल्डर परिवहन करने की शिकायत पुलिस को प्राप्त हो रही थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक टीम चौकी प्रभारी जयंत के नेतृत्व में गठित की जाकर अवैध बोल्डर लोड़कर परिवहन करने वालो दो ट्रैक्टरो पर कार्यवाही की गयी। मिली जानकारी के अनुसार 22 सितंबर को प्रात: मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो स्वराज ट्रैक्टर एमपी 66 ए 2365 एवं एमपी 66 ए 3680 अवैध रूप से बोल्डर लोड़ कर सीएचपी तरफ से बस पडाव जयंत तरफ आ रहे है, जिसे हमराह स्टॉफ के घेराबंदी किया गया जो बस पडाव तरफ दो नीले रंग का ट्रैक्टर ट्राली में ढोका लोडकर आते दिखे जिन्हे रोककर उनकै चालको से ट्रैक्टर में लोड़ बोल्डर के संबंध में कागजात चाहा गया जो ट्रैक्टर एमपी 66 ए 3680 के चालक अपना नाम संतोष कुमार पनिका पिता रामसेवक पनिका उम्र 27 वर्ष निवासी दार थाना चितरंगी हाल-बनौली चौकी जयंत थाना विन्ध्यनगर बताया तथा वाहन चालक अपना धर्मेन्द्र खैरवार पिता जयश्री प्रसाद खैरवार उम्र-20 वर्ष निवासी हर्रई पूर्व थाना बैढन का रहना बताये तथा दोनो चालको द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया, जिस पर उक्त दोनो ट्रैक्टरो मय खनिज बोल्डर के जप्त किया गया, एवं जप्तशुदा ट्रैक्टर को लेकर वापस चौकी आये, तथा चौकी पर पृथक-पृथक अपराध धारा 303 (2).317 (5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी जयंत उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि श्यामबिहारी द्विवेदी, उत्तम सिंह, सउनि राजवर्धन सिंह, प्रआर कुनाल सिंह, सुनील मिश्रा, आर दीपक यादव, महेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

## स्वच्छता ही सेवा है के तहत जगह-जगह किया जा रहा है जागरूकता कार्यक्रम

**सिंगरौली।** चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत क्षेत्र विजयपुर मे बीते 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा है अभियान को मद्देनजर रखते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर मे स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता के थीम पर शिक्षको,समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं सहित जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों के उपस्थित में उक्त अभियान को गति देने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए सरपंच विजयपुर श्रीकांत मिश्रा के द्वारा शपथ भी दिलाया गया।

# पुलिस सहायता केन्द्र परसौना का भवन हटने से दुर्घटनाओं पर लगेगा विराम: कमलेश

**सिंगरौली।** परसौना तिराहे पर स्थित पुलिस सहायता केन्द्र के भवन को प्रशासन ने हटाकर आम नागरिकों को आवागमन में बहुत बड़ी राहत प्रदान की है। विकास के दृष्टिकोण से एवं यातायात व्यवस्था में बन रहे बाधा को दूर करने तथा बढ़ रही दुर्घटना में रोक लगाने के लिए पुलिस सहायता केन्द्र परसौना के भवन हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस ने शासन प्रशासन के समक्ष लगातार पत्र के माध्यम से, मौखिक रूप से तथा मीडिया के



माध्यम से लगातार आवाज उठाते रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप विगत रात्रि प्रशासन ने पुलिस सहायता केन्द्र परसौना के भवन को मेन रोड से गिराकर हटा दिया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस ने कहा कि जनहित को ध्यान में रखकर प्रशासन ने उपरोक्त भवन को हटाकर आम जनमानस को दुर्घटनाओं से बचने के लिए बहुत बड़ी राहत प्रदान की है। परसौना में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं अब विराम लग सकेगा। मैं अपने जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश का तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से हमारी मांग का समर्थन करने वाले सभी मित्रों का ह्रदय से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

## पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया आकस्मिक भ्रमण एवं निरीक्षण



**सिंगरौली।** मध्य रात्रि में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा थाना बैढ़न का आकस्मिक भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण किया गया व साफ सफाई संबंधी आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके बाद थाने का मालखाना, शस्त्रागार, रिकार्ड रूम, हवालात, सीसीटीव्ही रूम, सीसीटीएनएस एवं अन्य कक्षों को चेक किया गया एवं निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित होने वाले रजिस्टरों को चेक किया गया व रजिस्टर संधारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। रात्रि गश्त डियूटी रोटेशन वाईज एवं सही ढंग से बल वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। अधिक से अधिक बल को रात्रि गश्त में निकाले जाने हेतु निर्देश दिये गये। थाने में आने वाले फरियादियो के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये व उनकी शिकायतो को सुना जा कर उचित वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# पत्थर से सिर कुचल कर घर से बाहर सो रहें अधेड़ की हत्या, निवास चौंकी की घटना

**सिंगरौली।** निवास चौकी क्षेत्र के पापल गांव में घर के बाहर सो रहे एक अधेड़ की निर्मम हत्या कर दी गई।रात एक बजें से पांच बजें के बीच अज्ञात हमलावरों ने अधेड़ के सिर को पत्थर से कूंचकर हत्याकांड को अंजाम दिया हैं।घटना के बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। वहीं सरई पुलिस इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने में संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।



पुलिस के मुताबिक निवास चौकी क्षेत्र के पापल गांव निवासी राम प्रसाद साहू (48) पिता प्रेमलाल साहू घर के बाहर सो रहा था। जहां शनिवार की रात अज्ञात हमलावरों ने पत्थर से सिर कूंचकर निर्मम तरीके से हत्या कर फरार हो गए। रविवार सुबह जब पत्नी गुड़िया उठीं तो देखा कि खटिया से करीब 10 फिट दूर पर पति का खून से सना शव पड़ा था।पति के सिर पर भी पत्थर मारने के निशान थे।पत्नी की चीख-पुकार सुनकर घरवालों सहित आस पड़ोस के लोग इक्कठा हो गए। और निवास चौकी पुलिस को सूचना दी। जहां मौके पर सरई सरई थाना प्रभारी मनोज सिंह और निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।हत्या क्यों और किसने की, अभी यह स्पष्ट नहीं है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।बताया जा रहा है कि मृतक का पुत्र तीन साल पहले सुसाइड कर लिया था। स्थानीय सूत्रों की माने तो हत्या प्रेम प्रसंग से जोड़ा जा रहा है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए।सरई थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि घटना बेहद ही गंभीर है।अधेड़ की देर रात पत्थरों से कूंचकर हत्या की गई है। पुलिस सूत्रों की माने तो प्रारंभिक जांच में ऐसा लग रहा है कि हत्याकांड में किसी नजदीकी का हाथ है. पुलिस को घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य मिले हैं. वहीं पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। सम्भवत: जल्दी पुलिस द्वारा इस घटना का खुलासा कर सकतीं हैं।

## एटीएम कार्ड बीमा के संबंध में व्यापक स्तर पर कराये प्रचार प्रसार बैकर्स: कलेक्टर

**सिंगरौली।** एटीएम कार्ड बीमा योजना के तहत आकस्मिक दुर्घटना के समय दिये जाने वाले लाभ का बैकर्स व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाना सुनिश्चित कराये ताकि आम जन मानस इसके संबंध में अवगत हो सके।उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित डीएलसीसी के बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जन कल्याणकारी योजनाओ के प्रकरणो के निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियो के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कई महत्वाकाक्षी योजनाओं का लाभ बैक के माध्यम से हितग्राहियों को मिलते है। प्राप्त प्रकरणो का समय पर निराकरण कर हितग्राहियो को लाभान्वित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। वही अधिकारी एवं बैकर्स समन्वय बनाकर प्रकरणो का लक्ष्य के अनुसार निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने बैको से प्रदान की जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहा कि एटीएम कार्ड पर दुर्घटना मृत्यु बीमा का दावा प्रस्तुत करने के संबंध में आम जन मानस को जानकारी हो सके इसके लिए बैकर्स बैको के सामने या अंदर विधिवत बैनर लगाकर लोगो को जागरूक करे। वही बैंको अधिकारियो द्वारा बताया गया कि ऐसे व्यक्ति जिनका एमटीएम कार्ड के माध्यम से बैको में लेनदेन होता है यदि कोई भी दुर्घटना के कारण उनकी मृत्यु हो जाती है तो बीमा योजना के तहत बैक द्वारा लाभ दिया जाता है।

# सरकार की योजना को पलीता लगाता वी-विन कॉल सेंटर

## मनमानी नियुक्तियां, नियम विरुद्ध तरीके से कर्मचारियों को हटाने की मिल रही सर्वाधिक शिकायतें

**सीधी।** जिला कलेक्ट्रेट में वी-विन कॉल सेंटर भी खुला है यह शायद कम ही लोग जानते हैं। न तो इसके लिए प्रचार-प्रसार किया गया न ही नियमों के अनुसार कार्य का संचालन किया जा रहा है। हालात यह है कि कॉल सेंटर में अंगद की तरह पांव जमाए संविदा प्रभारी जीतेन्द्र द्विवेदी की एकतरफा राज चल रही है। उनकी मनमानी इस हद तक पहुंच गई है कि जब चाहें कर्मचारियों को हटा दें एवं नियम विरुद्ध नौकरियों पर सुविधा शुल्क लेकर रखने की भी शिकायतें हैं।

दरअसल यह कॉल सेंटर कलेक्ट्रेट में संचालित है लेकिन न तो इसका प्रचार-प्रसार हुआ न ही पदस्थ कर्मचारी कॉल उठाना उचित समझते। शिकायतें कई बार की जा चुकी हैं लेकिन कार्यवाही नहीं होती। यहां तक कि कंपनी द्वारा कॉल सेंटर संचालन के नाम पर मनमानी तौर पर नियुक्तियां की गई हैं और नियुक्त कर्मचारियों का शोषण भी किया जा रहा है। दरअसल प्रदेश सरकार आम आदमी की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध देखी जा रही है जिसके लिए सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के लिए प्रत्येक जिले में प्राईवेट कम्पनियों के माध्यम से कॉल सेंटर स्थापित कराये गए है। जिसमें कर्मचारियों की नियुक्तियां भी की गई है। यहां दर्ज होने वाली शिकायतों का तत्काल निराकरण कराया जाय लेकिन सीधी जिले में संचालित कॉल सेंटर का अता-पता नही है। बता दें कि जिले में वी-विन लिमिटेड कम्पनी द्वारा सभी नियमों को ताक पर रखकर काल सेंटर का संचालन कराया जा रहा है।

### 2021 में हुआ था वी-विन कॉल सेंटर का टेंडर

कम्पनी का टेंडर 2021 में हुआ था लेकिन अभी तक इस बात की भनक किसी को नही लग पाई है। जबकि इस पूरे मामले की शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन उक्त कम्पनी पर अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। जिसमें कि जिला प्रबंधक जीतेन्द्र द्विवेदी का एकतरफा राज चल रहा है। कब किसको हटा दें, कितना कम वेतन दें, सुविधा शुल्क लेकर मनमानी नियुक्तियां करें यह सब उनपर निर्भर हो गया है। कुल मिलाकर योजनाओं को पलीता लगाने में जीतेन्द्र द्विवेदी द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जबकि सरकार एवं प्रशासन की छवि को जीतेन्द्र धूमिल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार 5 ऑपरेटर एवं दो सुपरवाइजर की नियुक्ति है जो कि वे अपने मनमानी ढंग से कम वेतन में रखे हैं।



### कलेक्टर से टेंडर निरस्त करने की हुई शिकायत

शिकायतकर्ता वी-विन लिमेटड कम्पनी में कार्यरत नीरज कुमार द्विवेदी पिता अंजनी प्रसाद द्विवेदी, निवासी ग्राम हिनौता ने बताया कि जिला प्रबंधक द्वारा कॉल सेंटर के सुचारू संचालन करवाने के बजाय कॉल सेंटर के संचालक को उनकी गलतियों से बचाने के काम किया जा रहा है। जबकि कलेक्टर द्वारा टेंडर निरस्त करने की कार्यवाही हेतु अंतिम जवाब कंपनी से मांगा गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त कम्पनी द्वारा सभी नियमों को ताक में रखकर कर्मचारियों की नियुक्ती की गई है इसके साथ ही कम वेतन अर्थात टेंडर के नियम के विपरीत पारिश्रमिक दिया जाता है। इतना ही नही काल सेंटर का संचालन भी नियम विरूद्ध तरीके से किया जा रहा है।

### श्रम विभाग के नियमों की अनदेखी

काल सेंटर में श्रम विभाग के नियम के तहत कुशल श्रमिक एवं सकुशल श्रमिक का वेतन भुगतान किया जाना है परंतु सीसीई को 7000 एवं सुपरवाइजर को 10000 वेतन दिया जाता है जबकि कॉल सेंटर के ठेकेदार वी-विन लिमिटेड द्वारा 19000 प्रति कर्मचारी शासन से लिया जा रहा है। इसके साथ-साथ जिले स्तर में कॉल सेंटर का कोई प्रचार-प्रसार नही किया गया। जिस कारण आम जन को जिला स्तरीय कॉल सेंटर के बारे में शायद ही किसी को पता होगा वहीं कॉल सेंटर के कर्मचारी परिवर्तन हेतु शासन से अनुमति ली जाती है परंतु बिना किसी अनुमति के जब भी मन होता है कर्मचारी बदल दिया जाता है। जबकि कर्मचारी परिवर्तन किए जाने पर शासन को शुल्क देना होता है। वहीं कॉल सेंटर में कार्यरत कर्मचारी को सिर्फ इतना ही पता है की कॉल उठा कर शिकायत दर्ज करनी है। शिकायतकर्ताओ द्वारा बताया गया कि छोटी सी छोटी लापरवाही करने पर कम्पनी के ऊपर पेनाल्टी लगाई जाती है जिसमें प्रमुख रूप से अगर बिना अनुमति के सुपरवाईजर बदले गए तो दो हजार रूपये, एक काल अटेंड नही किया तो ढाई सौ रूपये की पेनाल्टी लगती है लेकिन सूत्रों द्वारा बताया गया कि तीन से चार बार सुपरवाईजर एवं इसी तरह आपरेटर भी बिना अनुमति के बदल दिये गए है। बावजूद इसके सांठ-गांठ के चलते किसी भी प्रकार की कार्रवाई वी-विन कम्पनी लिमिटेड के ऊपर नही हो पाई है। हालांकि इस मामले में श्रम विभाग के अधिकारी ने शिकायतकर्ता से 4 अक्टूबर तक पूरी जानकारी कंपनी के खिलाफ मांगे हैं।

### यह भी की गई कॉल सेंटर के खिलाफ जानकारी

शिकायतकर्ता नीरज द्विवेदी द्वारा वी-विन संस्थान के अंतर्गत नियोजित होकर कलेक्ट्रेट परिसर सीधी में संचालित नियंत्रण कक्ष में कॉलिंग एजेन्ट के पद पर 1 जुलाई 2023 से 20 जुलाई 2024 तक कार्य किया गया है। कराये गये कार्य के फलस्वरूप आवेदक को प्रतिमाह निर्धारित वेतन से कम का न्यूनतम वेतन भुगतान किया जाता रहा है। जिसको लेकर श्रम विभाग द्वारा लोक सेवा केन्द्र प्रबंधक एवं वी-विन लिमिटेड कम्पनी को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि आवेदक के कार्य से संबंधित नियोजन पंजी, उपस्थिति पंजी, वेतन-मजदूरी भुगतान पंजी आदि जो आपके द्वारा संधारित किए गये है के साथ 4 अक्टूबर तक शिकायत की जांच कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करें।

# जिले की सदस्यता हुई एक लाख पार: देव कुमार



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश भर में मनाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी का सदस्यता अभियान का कार्यक्रम जिले में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में अनवरत रूप से चल रहा है।

प्रदेश द्वारी द्वारा जारी किए गए आज आंकड़ों में सीधी जिले की सदस्यता का आंकड़ा एक लाख पार हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने सांसद एवं सभी विधायकों के साथ-साथ जिले से लेकर बूथ स्तर तक के सभी प्रकार के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी का आभार व्यापित किया है और शानदार सदस्यता अर्जित करने के लिए जांबाज पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाइयां दी है।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरदेन्दू तिवारी, प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, विधायक श्रीमती रीती पाठक, कुंवर सिंह टेकाम, विश्वामित्र पाठक, जिले के सदस्यता प्रभारी अनिल पाण्डेय सभी ने शानदार योजना रचना करते हुए जिले से लेकर बूथ स्तर तक की समितियां को सक्रिय करते हुए शानदार सदस्यता के लक्ष्य की ओर अग्रसर हुए हैं। डिजिटल रूप से एक लाख की सदस्यता करना इतने कम समय में निश्चित रूप से ऐतिहासिक है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि आगे आने वाले दिनों में हम जिले के तीन लाख से अधिक सदस्यता लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

# शिवेंद्र का संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में चयन

**सीधी।** जिले के उत्कृष्ट विद्यालय के खेल के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एकलव्य विद्यालय के कई छात्र शामिल हुए। छात्र शिवेंद्र सिंह पिता वीरेंद्र सिंह कक्षा बारहवीं का चयन संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।




छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, सचिन सिंह, विदित सिंह, ध्रुवदेव सिंह, अरविंद सिंह, शशिमा सिंह, संध्या शुक्ला, अमिता सिंह, नमिता सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योतिप्रभा द्विवेदी, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू सिंह, सपना तिवारी, माधव सिंह, अर्पिता सिंह, अनूप लखेरा, अंकिता सेन, संतोष यादव, अमन वर्मा, सन्नी बैगा, शैलेंद्र तिवारी, आंचल सिंह, बीना सिंह, रजनीश पांडेय, आंचल पांडेय, विपुल तिवारी, मनीष मौर्या, काजल केवट एवं समस्त विद्यालयीन परिवार द्वारा छात्र को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# आज हर्षोल्लास मनेगा गुरुदेव का जन्म महोत्सव

**सीधी।** कार्यक्रम के संयोजक एवं सभी सेवा प्रकल्पों का काम देख रहे अमलेश्वर चतुर्वेदी ने बताया की विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सेवा के कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, देश के कोने-कोने कोलकाता, बिहार, उत्तर प्रदेश, भोपाल, जबलपुर, शहडोल, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली से श्री गुरुदेव के अनुयाईयो के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो गया है।

जैसा कि सर्वविदित है कि श्री रामाधार चतुर्वेदी जी एक समर्थ परम चेतना संपन्न अवतारी जागृत महापुरुष रूप में लोगों ख्यात हैं, वो एक अद्भुत शक्ति उपासक महापुरुष थे जिनके देश के कोने-कोने में बड़ी संख्या में भक्त उनके प्रत्यक्ष और सूक्ष्म मार्गदर्शन में निरंतर साधनारत हैं। उनके जन्म स्थान देवसर के आसपास के भी हजारों परिवार उन्हीं की प्रेरणा से मां की उपासना और दुर्गा सप्तशती के पाठ उपासना में संलग्न हैं। गुरुदेव रामाधार चतुर्वेदी वेद, पुराण, योग, तंत्र, व्याकरण, ज्योतिष, निरुक्त और श्री विद्या आदि विषयों के महान निष्णात आचार्य थे उनकी वाणी का वर्चस्



ऐसा था मानो साक्षात भगवती भारती ही विषयों का विवेचन कर रही हों। उनके अनुयाई और भक्त उन्हें ईश्वरीय अवतार के रूप में स्वीकार करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक अमलेश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में 19 सितंबर से विद्वान आचार्यों द्वारा श्री शतचंडी महायज्ञ के पाठ की आवृत्ति हो रही है, प्रात: काल हवन एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम है। आज 23 सितंबर को लगने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की संपूर्ण तैयारी कर ली गई हैं, नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत के सीएमएस डॉ. पंकज कुमार, डॉ. उदय कुमार सिंह सर्जन, डॉ. विजय पटेल मेडिसिन, डॉ. वंदना स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेश कुमार शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. अभिषेक मेहता हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. अखिलेश कुमार सिंह मेडिसिन और सहयोगी के रूप में प्रबंधन से जुड़े शालिनी सिंह, नोडल ऑफिसर अर्चना गुप्ता, श्रीमती अनीता पांडे, कुमार साहू, बलिराम प्रसाद, श्रीकांत साहू, कुमार विभव, सीसी श्रीवास्तव, बृजेंद्र वर्मा, विश्वजीत प्रधान, दीपा दास, रीवा से शिशु रोग चिकित्सक एवं प्राध्यापक श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा डॉ. एचपी सिंह सीधी से मेडिसिन के डॉ. बृजेश पांडे रोगियों के जांच के लिए पैथोलॉजिस्ट, जांच किट और दवाइयों की संपूर्ण व्यवस्था हो गई है।

# स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 170 लोगो की हुई जांच

**सीधी।** ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति एंव मिश्रा नर्सिंग होम सीधी द्वारा विगत कई वर्षो से समिति के संरक्षक डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीधी शहर में प्रत्येक रविवार को प्रमुख स्थानो छत्रशाल स्टेडियम, पुराना बस स्टैण्ड, नया बस स्टैण्ड, भवानी मन्दिर, फूलमती मन्दिर, हाउसिंग बार्ड कालोनी, पुलिस ग्राउण्ड, रघुफिलिंग स्टेशन पडैनिया, मड़रिया वायपास में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा चुका है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये ज्योत्सना जन कल्याण स्वास्थ्य समिति सचिव डॉ. अजय मिश्रा द्वारा बताया गया कि मनुष्य के लिए स्वास्थ्य रहना अति आवश्यक है लेकिन आज के व्यास्तता के कारण लोग अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच नहीं करा पाते हैं। जो आगे उनके स्वास्थ्य के लिए



गंभीर समस्या खड़ी कर देता है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये समिति के संरक्षक डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशानुशार सीधी शहर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में शुगर बीपी, बजन की जाँच कर चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया जाता है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 22 सितंबर 2024 पूजा पार्क के पास शिविर का आयोजन किया गया। इस रविवार को आयोजित शिविर में 170 लोगो को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया हैं। रविवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. रामाश्रय पाल, सहायक चिकित्सक आनन्द मिश्रा, लैब टेक्नीशियन दुर्गा प्रजापति, आरडी राठौर आदि उपस्थित होकर स्वास्थ्य की जांच और उचित परामर्श प्रदान कियें। आने वाले इस रविवार को पूजा पार्क मानस भवन के सामने सुबह 7 से 8 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेंगा।

# फरार 49 आरोपी हुए गिरफ्तार

**सीधी।** लंबे समय से फरार चल रहे 49 आरोपियों को आज कांबिंग गस्त के दौरान पुन: सीधी पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही 23 गुण्डा बदमाश व 26 निगरानी बदमाशों को चेक कर हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 21-22 सितंबर 2024 के दरम्यानी रात एक बार पुन: जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 4 स्थाई वारंट एवं 45 गिरफ्तारी वारंट कुल 49 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान 23 गुण्डा बदमाश एवं 26 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने हत्या/ लूट/ डकैती/ मारपीट/आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उपर्युक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 49 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# सन्त तुलछाराम महाराज का हुआ स्वागत

**सीधी।** ब्रह्महर्षी प्रात: स्मरणीय खेताराम महाराज के शिष्य अनंत विभूषित ब्रह्महर्षी ब्रह्मासावित्री सिद्ध पीठाधीश्वर पूज्य तुलछाराम जी महाराज ब्रह्म धाम तीर्थ आसोतरा का 44 वा दिव्य चातुर्मास तप: साधना मां नर्मदा तट पर (अमरकंटक) तीर्थ संपन्न कर प्रथम रात्रि विश्राम के लिए पहली बार सीधी (मध्य प्रदेश) पधारने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार सीधी के मालिकान नरपत सिंह बावड़ी एवं सवाई सिंह सिया बम्बोर के आयोजकत्व में गंगोत्री पैलेस सीधी में सैकड़ों भक्तगणों के द्वारा ढोल नगाड़े के साथ हर्षोल्लास पूर्वक किया गया।

श्री तुलछाराम जी महाराज 44 समाधि दिव्या चातुर्मास तप: साधना मां नर्मदा तट पर अमरकंटक में संपन्न कर सीधी में श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, गायत्री मंदिर के सामने स्थित श्री राजस्थान मिष्ठान भंडार के प्रतिष्ठानों में एवं गांधी चौक में स्थित अंशुमान सिंह चौहान की दुकान शारदा गारमेंट्स में अपने चरण कमल रखते हुए व्यापार वृद्धि का आशीर्वाद प्रदान किए। जहां पर उनके कई अनुयायियों एवं भक्तगणों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात महाराज जी का भव्य शोभा यात्रा चकदही रोड में स्थित गंगोत्री पैलेस में आशीर्वाद लेने वाले अनको अनेक भक्तगण शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण कर रात्रि जागरण का लुफ्त उठाते हुए नजर आए। भक्तगणों में मुख्य रूप से पूर्व सांसद एवं विधायिका श्रीमती रीति पाठक, नगर पालिका परिषद सीधी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, पार्षद विनोद मिश्रा, पार्षद श्रीमती कुमूदनी सिंह, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष भास्कर सिंह चौहान, महात्मा श्रीचंद जी, महात्मा मनोज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विनय सिंह बाघेल, बृजेश सिंह, अंशुमान सिंह चौहान, राजेश सिंह, पुष्पराज सिंह, सुधीर शुक्ला, प्रमोद सिंह लाला, संजय शुक्ल, राजेश साहू, नगर पुलिस निरीक्षक समेत सैकड़ों राजस्थान के अनेक भक्तगण शामिल हुए।

राहुल भैया के जन्म दिन पर

# बहुत ही नरम और नेक दिल वाले इंसान है

सोमेश्वर सिंह

सत्तर साल की उम्र में चालीस साल की राजनीतिक यात्रा। सिर्फ पांच साल मंत्री पद और दो मर्तबा नेता प्रतिपक्ष। दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव हारे। दो मर्तबा मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका, किंतु खुद चुनाव हार गए। कांग्रेस की सरकार तो बनी लेकिन सरकार में राहुल भैया नहीं थे। विंध्य की राजनीति में कांग्रेस के एक कद्दावर नेता, जिनका सभी दल के नेता सम्मान करते हैं। एक कुशल चुनावी रणनीतिकार के रूप में चित्रकूट,रैगांव विधानसभा तथा सीधी लोकसभा के उपचुनाव में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने में अहम् भूमिका का निर्वाह कर चुके हैं। जय पराजय दोनों का खट्टा-मीठा अनुभव है। बावजूद इसके भी कभी विचलित नहीं हुए। पूरे दृढ़ता के साथ जमीन और जनता से जुड़े रहे। यथायोग्य जन-सेवा करते रहे। सामाजिक जीवन में संकीर्ण तथा



जातीय राजनीति से दूर एक दूरदर्शी और गतिशील नेता के रूप में उनकी छवि है। सदैव कांग्रेस की मुख्य धारा के साथ चलते हुए नेहरू गांधी के आदर्श के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने कभी घात-प्रतिघात, दुराग्रह, छल-कपट, गुटबाजी, गिरोह बंदी ,तीन तिकड़म की राजनीति नहीं की। सीधी सच्ची बात करने वाले राजनेता हैं। किसी जमाने में स्वर्गीय अर्जुन सिंह ने विन्ध्य प्रदेश में कांग्रेस को विस्तारित करके एक ठोस नींव रखी थी आज वह नींव दरक रही है। जमीन खिसक चुकी है। फिर भी कांग्रेस नेतृत्व गंभीर नहीं है। मध्य प्रदेश में मौजूदा प्रदेश कांग्रेस पार्टी और उसके बड़े नेता सिर्फ राहुल भैया की घेराबंदी करने में लगे है। दुर्भाग्य है कि आज तक कांग्रेस पार्टी ने राहुल भैया के क्षमता और प्रतिभा का मूल्यांकन नहीं किया। और ना ही उसका सही तरीके से उपयोग किया गया। प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी आज आम जनता में उनका प्रभाव और लोकप्रियता बनी हुई है। राजनीति में सतत सक्रिय और जन सेवा में प्रयत्नशील रहते हैं। जो भी उनके पास आया बिना किसी भेदभाव के यथासंभव मदद करने में कोई कोताही नहीं करते। एक निर्विवाद और बेदाग छवि वाले नेता हैं। व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ के लिए जीवन में कभी कांग्रेस पार्टी के हित को दांव में नहीं लगाया। मैं लंबे समय तक उनका विरोधी, आलोचक और समर्थक भी रहा हूं। आपकी नजरों में राहुल भैया चाहे जो हों किंतु दीर्घकालीन अनुभव के बाद मैं पूरे ईमानदारी के साथ कह सकता हूं कि राहुल भैया बहुत ही नरम और नेक दिलवाले इंसान हैं। वे दीर्घायु हो, स्वस्थ रहें, जन सेवा में सदैव तत्पर रहें।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने घर-घर सदस्यता अभियान में लिया हिस्सा

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय ने प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में विगत कई दिनों से जिले के सभी मंडलों में सदस्यता के लिए प्रेरित करते हुए कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई के साथ-साथ सदस्यता को गति प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज नगर मंडल के वार्ड क्रमांक 21 में प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के लिए प्रेरित करते हुए भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रदेश मंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी पार्टी है, इसलिए हम सभी को राष्ट्रप्रथम के सिद्धांत पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना चाहिए।

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,
शिवाजी नगर, नौढिया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2024/5796 सीधी दिनांक 17/09/2024

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 एवं 2 के.व्ही सोलर लाईट सिस्टम परिक्षेत्रों में स्थापना हेतु शासकीय कार्यो हेतु वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इस निविदा के लिये दिनांक 26.09.2024 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी **https://mptenders.gov.in/** के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.10.2024 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 11.10.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट **https://mpforest.gov.in/** पर भी देखी जा सकेगी।

जी-16516/24

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी



भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट

# भारत ने 280 रन से जीता चेपॉक टेस्ट

## पंत, गिल और अश्विन रहे जीत के हीरो

**चेन्नई, एजेंसी।** टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत के नाम रहा। चेपॉक में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रन से हराते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। र

विवार को मुकाबले का चौथा दिन था और पहले सेशन में ही भारत ने यह मुकाबला अपने नाम किया। 515 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई। अश्विन ने दूसरी पारी में 6 विकेट, रवींद्र जडेजा ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिया। अपने घरेलू मैदान पर अश्विन के ऑलराउंडर प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में विकेट रहित अश्विन ने बल्ले से धमाल मचाया और शतकीय पारी खेली, जबकि दूसरी पारी में उन्हें छह विकेट चटकाए। इससे पहले टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। इस दौरान अश्विन ने 113 रन और रवींद्र जडेजा ने 86 रन की जबरदस्त पारी खेली थी। टीम के 144 रन पर 6 विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने 199 रन की मजबूत साझेदारी की थी। जवाब में बांग्लादेश की टीम 149 रन ही बना सकी थी। जसप्रीत बुमराह ने इस दौरान 4 विकेट, वहीं जडेजा, आकाशदीप और सिराज ने 2-2 विकेट चटकाए थे।

भारतीय टीम को पहली पारी में 227 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद दूसरी पारी में भारत ने ऋषभ पंत की 109 रन और शुभमन गिल की नाबाद 119 रन की मदद से 4 विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित की और कुल 514 रन की बढ़त हासिल की।

भारत की ओर से आर.अश्विन, ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने शतक जड़ा। जबकि बांग्लादेश के लिए सबसे सफल बल्लेबाज कप्तान नजमुल हसन शांतो रहे और टीम के अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते नजर आए। दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।

सार समाचार

### 200 वनडे विकेट हासिल करने वाले पहले इंग्लिश स्पिनर बन गए हैं आदिल राशिद



**लीड्स, एजेंसी।** आदिल राशिद ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही वनडे इंटरनेशनल सीरीज के दौरान 50 ओवर के प्रारूप में 200 विकेट लेने वाले तीसरे इंग्लिश गेंदबाज और पहले स्पिनर बनकर अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। राशिद पहले से ही इस प्रारूप में इंग्लैंड के अग्रणी स्पिनर हैं, मोइन अली (111) और ग्रीम स्वान (104) 100 से अधिक पुरुष वनडे विकेट लेने वाले एकमात्र अन्य स्पिनर हैं। सोफी एक्लेस्टोन के नाम महिला टीम के लिए 100 वनडे विकेट भी हैं। राशिद ने हेडिंग्ले में दूसरे इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया वनडे में अपने छठे ओवर में ग्लेन मैक्सवेल (7) को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। मैक्सवेल ने लेग स्पिनर को मैदान से बाहर करने की कोशिश की लेकिन सीधे डीप मिडविकेट पर कैच हो गए। आदिल राशिद ने अगस्त 2009 में आयरलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के लिए अपना वनडे डेब्यू किया, लेकिन इस प्रारूप में दोबारा आने से पहले उन्हें लगभग छह साल तक इंतजार करना पड़ा। अपनी वापसी के बाद, राशिद सफेद गेंद के नियमित खिलाड़ी बन गए, और मोईन अली के साथ वनडे में इंग्लैंड के लिए एक शक्तिशाली स्पिन साझेदारी बनाई। अपने अविश्वसनीय वनडे आंकड़ों के साथ-साथ, 36 वर्षीय खिलाड़ी के पास अन्य दो प्रारूपों में भी मजबूत आंकड़े हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके नाम 122 विकेट हैं और उन्होंने अब तक इंग्लैंड के लिए 19 टेस्ट मैचों में 60 विकेट लिए हैं।

### भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के नए अध्यक्ष बने कलिकेश सिंह देव, वीके ढल को 36-21 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल अप्रैल में रणिंदर के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का कामकाज इसके वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश देख रहे थे। उनके कार्यवाहक प्रमुख रहते भारत ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में तीन पदक जीते।

कलिकेश नारायण सिंह देव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष चुने गए। शनिवार को हुए चुनावों में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी वीके ढल को 36-21 से हराया। यह पद पिछले साल से खाली था। ऐसे में ओडिशा के पूर्व सांसद एनआरएआई के दैनिक कामकाज की देखभाल कर रहे थे। पिछले साल रणिंदर सिंह ने इस पद से इस्तीफा दिया था।

पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों का कोई पदाधिकारी राष्ट्रीय खेल कोड के तहत 12 वर्ष से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकता। इसके बाद रणिंदर ने इस्तीफा दिया था। उनके 12 साल 29 दिसंबर 2022 को पूरे हुए थे। पिछले साल अप्रैल में रणिंदर के इस्तीफे के बाद से एनआरएआई का कामकाज इसके वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश देख रहे थे।



शतरंज ओलंपियाडः

## भारत ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण, विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी।** हंगरी की राजधानी में आयोजित शतरंज ओलंपियाड में भारत ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई है। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो को हरा दिया है। शतरंज ओलंपियाड में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक मिला है। भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के 10वें दौर में मजबूत अमेरिका को 2.5-1.5 से हराकर एक दौर शेष रहते ही ऐतिहासिक स्वर्ण पदक पर कब्जा तय कर लिया है। भारत 19 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर कायम है। अगले दौर में हारने पर भी उच्च टाईब्रेक स्कोर के कारण चैंपियन बन जाएगा।

गुकेश-अर्जुन ने बाजियां जीतीं। डी गुकेश ने फाबियानो कारुआना को शिकस्त दी। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो कारुआना को शिकस्त देकर भारत को पुरुष वर्ग में पहली बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण दिलाने में मदद की। इसकी पुष्टि ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से और प्रगनानंदा के कोच आर बी रमेश ने भी की। आर बी रमेश ने टीम को स्वर्ण जीतने पर बधाई भी दी। प्रवीण थिप्से ने कहा कि भारत 11वां दौर हार भी जाता है और दूसरी टीम से उसके बराबर अंक रह जाते हैं तो भी ट्राई ब्रेकर में भारत का स्कोर अच्छा है जिससे उसका स्वर्ण पक्का है। 45वें शतरंज ओलंपियाड के 10वें दौर में भारतीय पुरुष टीम ने अमेरिका को 2.5-1.5 से हराया। भारतीय पुरुष टीम टूर्नामेंट में हारी नहीं है और 19 अंक के साथ ओपन वर्ग में शीर्ष पर कायम है। प्रगनानंदा को वेस्ली सो से हार मिली।

विदित ने लेवरोन को ड्रॉ पर रोका। अर्जुन ने पेरेज को हराया। भारतीय महिला टीम ने चीन को 10वें दौर में 2.5-1.5 से शिकस्त दी। महिला टीम ने इससे पहले अमेरिका की टीम से ड्रॉ खेला था और अब चीन पर जीत के साथ वापसी की।

भारतीय महिला टीम में सिर्फ दिव्या देशमुख को जीत मिली जबकि नोएडा की वंतिका अग्रवाल, वैशाली और हरिका ने ड्रॉ खेला। दिव्या ने शिक्रेन को हराया। वंतिका ने मियाओई को बराबरी पर रोका। शीर्ष बोर्ड पर हरिका को झू जिनेर के खिलाफ ड्रॉ खेलना पड़ा जबकि वंतिका ने मियाओइ को बराबरी पर रोक दिया।

## अश्विन ने वह कर दिखाया, जो अब तक दुनिया का कोई भी ऑलराउंडर नहीं कर पाया



**चैन्नई, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन वह कर दिखाया जो टेस्ट क्रिकेट में अब तक दुनिया का कोई भी ऑलराउंडर नहीं करा पाया था। रविचंद्रन अश्विन ने भारत की पहली पारी में शतक जड़ा था। बांग्लादेश की दूसरी पारी में 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में एक ही मैदान पर एक ही मैच में शतक लगाने और 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने की उपलब्धि दो बार हासिल करने वाले पहले ऑलराउंडर बन गए। इससे पहले उन्होंने चेन्नई में 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ 106 रन बनाए थे और 43 रन देकर 5 विकेट लिये थे।

रविचंद्रन अश्विन ने 37वीं बार टेस्ट में 5 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न ने भी 37 बार 5 विकेट लिए थे। हालांकि, अश्विन ने केवल 101 टेस्ट में ऐसा कर दिया है। वहीं वॉर्न ने 145 टेस्ट में ऐसा किया था। श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने 133 टेस्ट में 67 बार 5 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के रिचर्ड हेडली ने 86 टेस्ट में 36 बार और दिग्गज अनिल कुंबले ने 132 टेस्ट में 35 बार 5 विकेट लिए हैं।

इयान बॉथम की बराबरी करने से 1 विकेट दूर

इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर इयान बॉथम ने 5 बार एक ही मैच में शतक लगाने और 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने का कारनामा किया है। अशअविन ने 4 बार ऐसा किया है। वेस्टइंडीज के दिग्गज गैरी सोबर्स, पाकिस्तान के मुश्ताक मोहम्मद, साउथ अफ्रीका के दिग्गज जैक कैलिस, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और भारत के रविंद्र जडेजा ने 2-2 बार ऐसा किया है।

टेस्ट मैच की चौथी पारी में रविचंद्रन अश्विन का सातवीं पांच विकेट लिया। इस मामले में उन्होंने दिग्गज शेन वार्न और मुरलीधरन की बराबरी कर ली। वह अब सिर्फ श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर रंगना हेराथ से पीछे हैं। उन्होंने 12 बार ऐसा किया है।

रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट में 522 विकेट हो गए हैं। वह टेस्ट में 8वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज कर्टनी वॉल्श को पीछे छोड़ दिया। उनके 519 विकेट हैं।

बस बीसीसीआई के ऐलान का इंतजार

## दिल्ली कैपिटल्स का बड़ा फैसला, पंत के साथ इन खिलाड़ियों को करेगी रिटेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग की रिटेंशन पॉलिसी का अभी तक ऐलान नहीं किया है. इस बार मेगा ऑक्शन होना है, ऐसे में सभी टीमों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है. लेकिन टीमों को कितने खिलाड़ी रिटेन करने की छूट मिलेगी ये अभी तक साफ नहीं हुआ है. इन सब के बीच दिल्ली कैपिटल्स के खेमें से बड़ी जानकारी निकलकर आई है. ऋषभ पंत का रिटेन होने लगभग तय हो गया है, पंत के साथ और कौन से खिलाड़ी रिटेन होंगे इस पर भी बड़ा अपडेट आया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली कैपिटल्स ने ऋषभ पंत को आईपीएल 2025 के लिए रिटेन करने का फैसला कर लिया है. ऋषभ पंत फेंचाइजी की तरफ से टॉप रिटेंशन चॉइस हैं. पंत को पिछले सीजन तक दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से 16 करोड़ रुपए मिल रहे थे, ऐसे में उन्हें इस बार भी ये रकम मिलना तय है. हालांकि इसमें इजाफा होने की उम्मीद भी है. ऋषभ पंत साल 2016 से दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा हैं और आने वाले सीजन में भी वह इसी टीम के लिए खेलते हुए दिखने वाले हैं. बता दें, पिछली बार मेगा ऑक्शन से पहले सभी टीमों को 4-4 खिलाड़ी रिटेन करने की छूट मिली थी. लेकिन इस बार उम्मीद है कि रिटेंशन की संख्या बढ़ाई जा सकती है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई पांच से ज्यादा खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति देता है तो दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को भी रिटेन करेगी. वहीं, विदेशी रिटेंशन के रूप जेक फ्रेजर-मैकगर्क और ट्रिस्टन स्टब्स टीम के साथ बने रह सकते हैं. इसके अलावा अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल दिल्ली कैपिटल्स की पहली पसंद रहने वाली है.

### पिछली बार इन खिलाड़ियों को किया था रिटेन

दिल्ली कैपिटल्स ने 2022 के मेगा ऑक्शन से पहले ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, एनरिक नॉर्खिया और पृथ्वी शॉ रिटेन किया था. लेकिन एनरिक नॉर्खिया चोट के चलते टीम के लिए ज्यादा मैच नहीं खेल सके, वहीं पृथ्वी शॉ लगातार फ्लॉप रहे. ऐसे में इन दोनों खिलाड़ियों की छुट्टी होना अब तय माना जा रहा है. दूसरी ओर जेक फ्रेजर-मैकगर्क और ट्रिस्टन स्टब्स ने पिछले सीजन में टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया था.



## रहीम बने बांग्लादेश के सर्वकालिक सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी

**चेन्नई, एजेंसी।** मुशफिकुर रहीम ने शनिवार को यहां एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में भारत के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, क्योंकि वह तमीम इकबाल के रनों को पीछे छोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश के सर्वकालिक सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

रविचंद्रन अश्विन द्वारा तीसरे दिन के अंतिम सत्र में आउट होने से पहले 13 रन की पारी खेलने वाले रहीम ने सभी प्रारूपों में 464 मैचों में 20 शतकों और 82 अर्द्धशतकों सहित 15,205 रन बनाए हैं। इससे पहले, पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने 387 मैचों में 25 शतकों और 94 अर्धशतकों सहित 15,192 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन 446 मैचों में 14 शतकों और 100 अर्द्धशतकों के साथ 14,701 रन बनाकर तीसरे स्थान पर हैं।

## संग्राम सिंह एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बने

**जॉर्जिया, एजेंसी।** भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपना पहला मुकाबला जीतकर एमएमए की दुनिया में अपनी पहचान बनाई।

कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम ने मात्र एक मिनट और तीस सेकंड में पाकिस्तानी फाइटर अली रजा नासिर को हराया, जो उनसे सत्रह साल छोटे हैं। इस तरह वे मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए। ग्यारह प्रतिस्पर्धी देशों में संग्राम की यह उपलब्धि 93 किलोग्राम वर्ग में किसी भारतीय फाइटर द्वारा दर्ज की गई सबसे तेज जीत है।

संग्राम ने अपनी कुश्ती कौशल और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करके स्पष्ट जीत हासिल की। पारंपरिक कुश्ती में उनकी पृष्ठभूमि है और वे प्रशिक्षण के प्रति समर्पित हैं।

# सीपीएल 2024 में 9 विकेट लेने वाले ने जिताया मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 21 सितंबर को सीपीएल 2024 की टॉप की दो टीमों के बीच मुकाबला हुआ. बारबाडोस रॉयल्स और सेंट लुसिया किंग्स के बीच हुई इस टक्कर में उम्मीद तो वैसे रनों की बारिश के होने की थी लेकिन देखने को विकेटों की पतझड़ मिली.

सेंट लुसिया किंग्स के गेंदबाजों का कहर बारबाडोस रॉयल्स के बल्लेबाजों पर जमकर टूटा, जिसका नतीजा ये रहा कि वो नाम बदलने के बाद टी-20 में अपने तीसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑल आउट हो गए. सेंट लुसिया किंग्स के जिस गेंदबाज ने बारबाडोस रॉयल्स को सबसे ज्यादा तंग किया वो रहे सीपीएल 2024 की पिच पर 9 विकेट लेने वाले अल्जारी जोसेफ.

27 साल के अल्जारी जोसेफ ने मैच में पहले बैटिंग करने उतरी बारबाडोस रॉयल्स के टॉप से लेकर मिडिल ऑर्डर तक हमला बोला. जबरदस्त प्लानिंग के साथ किए अपने अटैक की बदौलत वो बारबाडोस रॉयल्स के सारे नामी गिरामी बल्लेबाजों को निवाला बनाने में कामयाब रहे. अल्जारी ने जैसा मैच के बाद बताया कि उन्होंने सीपीएल 2024 में 23 छक्के लगाने वाले इनफॉर्म क्विंटन डिकॉक के लिए खास प्लान बनाया था, जो कि



कामयाब रहा. उन्होंने अराउंड द विकेट जाकर डिकॉक को स्टंप पर गेंद खिलाने का प्लान बनाया था.

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने सीपीएल 2024 में अब तक का अपना बेस्ट प्रदर्शन किया. उन्होंने बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर 4 विकेट लिए. इसी के साथ सीपीएल 2024 में अब तक खेले 7 मैचों में उनके विकेटों की कुल संख्या 9 हो गई.

बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ उन्होंने टॉप ऑर्डर में रहकीम कॉर्नवॉल और क्विंटन डिकॉक को तो आउट किया ही, उनके अलावा मिडिल ऑर्डर में कप्तान रोवमैन पावेल और डेविड मिलर के विकेट लिए. यानी, बारबाडोस के सारे बड़े विकेट उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में ले लिए.

अल्जारी की असरदार गेंदबाजी का नतीजा ये हुआ कि बारबाडोस रॉयल्स से 100 रन भी नहीं बने. 20 ओवर में 9 विकेट पर वो सिर्फ 96 रन ही बना सके. टी20 क्रिकेट में नाम बदलने के बाद बारबाडोस रॉयल्स का ये तीसरा सबसे लोएस्ट टोटल है. साल 2021 में बारबाडोस ट्राइडेंट्स का नाम बदलकर बारबाडोस रॉयल्स किया गया था.

# किसान न्याय यात्रा में किसानो का उमड़ा जन सैलाब

## सैकड़ो की संख्या में ट्रैक्टर लेकर हजारो किसान हुए शामिल



**पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानो के मामलो को लेकर ज्ञापन सौंपे गयें है तथा किसानो को फसलो के उचित दाम देने का अनुरोध किया गया है। इसी कड़ी में पन्ना जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के नेत्रत्व में तथा न्याय यात्रा के प्रभारी राजभान सिंह की उपस्थिती में विशाल किसान न्याय यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा स्थानीय पुरषोत्तमपुर पेट्रोल पंप से प्रारंभ हुई। जिसमे सैकड़ो की सख्या में जिले भर से किसान ट्रैक्टर लेकर यात्रा मे शामिल हुए, तथा हजारो की संख्या में किसान एंव कांग्रेस कार्यकर्ता पद यात्रा करते हुए कलेक्टर कार्यालय पंहुचे एवं महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर प्रतिनिधी एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया। उक्त ज्ञापन में अनेक मुद्दो का उल्लेख किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से किसानो की सोयाबीन फसल का समर्थन मूल्य छह हजार रूपये प्रति क्विंटल किया जाये। किसानो की सोयाबीन की फसल चालीस प्रतिशत की जगह सौ प्रतिशत खरीदा जाये। गेंहू की फसल का समर्थन मूल्य 2700 रूपये प्रति क्विंटल तथा धान का 3100 रूपये प्रति क्विंटल किया जाये। ज्ञापन में अन्य बिन्दु भी शामिल किया गया है। जिसमें केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री रघुराज सिंह तथा महाराष्ट्र कें विधायक गायकवार द्वारा नेंता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गई अशोभनीय भाषा एवं आतंकवादी जैसे शब्दो से संबोंधित किये जाने को लेकर आपराधिक मामला दर्ज किया जाये। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि देश तथा प्रदेश की सरकार द्वारा लगातार मंहगाई, बढाई जा रही है, किसानो की फसलें अतिवृष्टि ओला वृष्टि से खराब हुई है, जिसका मुआवजा आज दिनांक तक नही दिया गया है, इन तमाम बिन्दुओं का निराकरण किया जाये। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में ट्रैक्टर तथा किसानो को देखकर पुलिस द्वारा सैकड़ो ट्रैक्टर रास्ते में ही रोक दिये गये, उसके बावजूद भी किसानो ने जमकर प्रदर्शन किया तथा सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए तमाम मुद्दो का निराकरण करने की मांग की है। उक्त ज्ञापन में मुख्य रूप से अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, सेवादल के अध्यक्ष राज बहादुर द्विवेदी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सेवालाल पटेल, अल्प संख्यक विधायक के अध्यक्ष डॉक्टर कदीर खान, पूर्व प्रत्याशी, गिरधारी लोधी, पूर्व प्रत्याशी जीवन लाल सिद्धार्थ, कांग्रेसे उपाध्यक्ष मारतण्डदेव बुन्देला, शशिकांत दीक्षित, मनीष मिश्रा, देवेन्द्र सिंह यादव, ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र नगर, आनन्द शुक्ला, अजयगढ, दादूराम मिश्रा गुनौर, बबलू गौतम पवई, माखन पटेल अमानगंज, भभूत सिंह राजपूत युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, इन्द्रमणि गर्ग, आशीष बागरी, अक्षय तिवारी पन्ना, राधे श्याम श्याम बृजपुरिया ब्लाक अध्यक्ष शाहनगर, दीपक तिवारी, भूपेन्द्र बुन्देला, नृपेन्द्र सिंह, बाल किशोर शर्मा, रियासत खान, रेहान मोहम्मद, जयराम यादव, अजय सिंह, लखन लाल केवट, हिम्मत बागरी, सुरेन्द्र यादव, प्रहलाद सिंह यादव, आशीष बागरी, आकाश जाटव अध्यक्ष एनएसयूआई, रोहणी पाल, केशरी अहिरवार, रामकरण पान्डेय, शालिक ग्राम गौतम, गणेश परोंहा, किशोरी चौधरी, सरदार यादव, राकेश शर्मा, भूपेन्द्र सिंह, इजाद मोहम्मद, फैश खान, फैयाज खान, सहित भारी संख्या में लोगो की उपस्थित रही।

## ई-गवर्नेंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी में दक्षता संवर्धन के लिए ई-दक्ष केन्द्र में मिलेगा प्रशिक्षण

**पन्ना।** ई-गवर्नेंस सोसायटी पन्ना द्वारा अब कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 37 में शासकीय सेवकों को ई-गवर्नेंस और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यक दक्षता संवर्धन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ई-दक्ष केन्द्र यादवेन्द्र क्लब परिसर से कलेक्ट्रेट में स्थानांतरित किया गया है। वर्तमान में ई-दक्ष केन्द्र में कम्प्यूटर के बेसिक, मीडियम एवं एडवांस लेवल कोर्स के पृथक-पृथक प्रशिक्षण सहित एम.एस. ऑफिस, एम.एस. ऑफिस (एडवांस), यूनिकोड हिन्दी टायपिंग (इंडिक), इंटरनेट एवं ई-मेल, कैशलेस ट्रांजेक्शन, साइबर सिक्योरिटी, बेसिक कम्प्यूटर ट्रबल शूटिंग, गूगल ड्राइव, गूगल फार्म्स, गूगल सीट, गूगल डॉक्स, समग्र पोर्टल, सीबीयूडी, ऑनलाइन गूगल मीट एवं जूम, सीएम मॉनिट, सीएम डैश बोर्ड एवं सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, आधार ग्रिवेंस एंड रिड्रेसल तथा सार्थक एप अटेंडेस इत्यादि कोर्स के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। प्रत्येक कोर्स के प्रशिक्षण की अवधि अलग-अलग निर्धारित है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम



**पन्ना।** छोटे कारीगरों और शिल्पियों के हित में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना संचालित की जा रही है। योजना को प्रारंभ हुए एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं। गत 20 सितम्बर को पन्ना शहर के एक निजी संस्था में योजना की प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय भी उपस्थित रहीं। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं और अपने व्यवसाय को बढ़ाएं।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के वर्धा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य अतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस दौरान लाभार्थियों को योजना अंतर्गत प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में आईटीआई प्राचार्य विवेक रिछारिया सहित योजना के प्रशिक्षण प्रभारी एस.एस. लोधी, राजकुमार वर्मा, फूल सिंह त्यागी एवं संस्था के स्टॉफ व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## नापतौल उपकरणों के सत्यापन के निर्देश

**पन्ना।** खरीफ उपार्जन वर्ष 2024 -25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जन शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। अभी किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपार्जन केन्द्रों से संबंधित समितियां एवं कृषि उपज मंडी समितियों के नापतौल यंत्रों का शत-प्रतिशत सत्यापन उपार्जन कर शुरू होने के पूर्व कराया जाए। साथ ही जिले में उत्पादन कार्य में संलग्न शासकीय, निजी अथवा संयुक्त भागीदारी के भंडार गृहों के धर्मकांटा की भी जांच और सत्यापन सुनिश्चित करें।

## पहाड़ी खेरा में पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन



**पन्ना।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पहाड़ीखेरा के पंचायत भवन में जागरूकता शिविर लगाया गया। बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान खानपान व वजन वृद्धि के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही छः माह तक आयरन की गोली का सेवन करने के बारे में भी समझाईश दी। किशोरी बालिकाओं को एनीमिया के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। शिविर में फास्ट फूड के सेवन से स्वास्थ्य को होने वाले दुष्प्रभाव तथा घर पर ही आसानी से तैयार होने वाली रेसेपी की जानकारी दी गई।

पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय खाद्य पदार्थों का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी अशोक कुमार विश्वकर्मा सहित पियूष मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग से अनूप सोनी, पर्यवेक्षक शाबिया रूखसार, ग्राम पंचायत पीसीओ, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हितग्राही उपस्थित रहे।

## सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आज

**पन्ना।** जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक सोमवार, 23 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक के दौरान दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने संबंधितजनों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश का अंतिम अवसर

**पन्ना।** शासकीय आईटीआई पन्ना में प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर उपलब्ध है। इच्छुकजन 30 सितम्बर तक आईएमसी कोटे के तहत मैकेनिक मोटर व्हीकल की एक एवं ड्राफ्टमैन सिविल की दो रिक्त सीट पर च्वाइस फिलिंग कर संस्था में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

# पंजीयन केन्द्रों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन कार्य प्रारंभ हो गया है। पन्ना जिले में स्थापित 41 पंजीयन केन्द्रों पर कृषक आगामी 4 अक्टूबर तक नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन केन्द्र के दौरान कृषकों की समस्याओं के निराकरण और केन्द्रों के निगरानी के लिए पंजीयन केन्द्रवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है।

पंजीयन केन्द्र बृजपुर में पटवारी पुष्पेन्द्र सिंह, लक्ष्मीपुर में कृषि विस्तार अधिकारी कमल किशोर चौबे, कृषि उपज मण्डी प्रांगण पन्ना में वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अर्चना गुप्ता, जरूआपुर में कृषि विस्तार अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा, सिलधरा में कृषि विस्तार अधिकारी देवेन्द्र सिंह और गौरा में कृषि विस्तार अधिकरी बीरेन्द्र कुमार सोनकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह पंजीयन केन्द्र जवाहर विपणन कार्यालय देवेन्द्रनगर में कृषि विस्तार अधिकारी महेन्द्र पाटीदार, राजापुर में राजस्व निरीक्षक रामकृपाल साकेत, समिति कार्यालय देवेन्द्रनगर में कृषि विस्तार अधिकारी स्वदेश कुमार अहिरवार, जिगदहा में सहकारी निरीक्षक प्रदीप अहिरवार, जवाहर विपणन कार्यालय गुनौर में कृषि विस्तार अधिकारी पूजा शर्मा, कचनारा में कृषि विस्तार अधिकारी लोकेन्द्र बागरी, हरद्वाही में कृषि विस्तार अधिकारी अजय कुमार, छपरवारा में कृषि विस्तार अधिकारी रूखड़िया मंडलोई, सलेहा में कृषि विस्तार अधिकारी दीपेन्द्र प्रकाश वर्मा, मुड़वारी में कृषि विस्तार अधिकारी पुष्पराज सिंह, अमानगंज में राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, जसवंतपुरा में पटवारी आनंद कुमार गुप्ता, पगरा में कृषि विस्तार अधिकारी श्याममूर्ति गर्ग, महुआडाडा में कृषि विस्तार अधिकारी राखी गुप्ता, महेबा में राजस्व निरीक्षक भोला प्रसाद साकेत, कमताना में कृषि विस्तार अधिकारी प्रतिमा पाठक, मुराछ में कृषि विस्तार अधिकारी गीतांजली जगेत, बिरसिंहपुर में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आर.के. मौर्य, पवई में कृषि विस्तार अधिकारी धनेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्णगढ़ में कृषि विस्तार अधिकारी दीपक बागरी, पडरियाकला में कृषि विस्तार अधिकारी अंजली रावत, सिमरिया में कृषि विस्तार अधिकारी आकाश सिंह चौहान, मोहन्द्रा में कृषि विस्तार अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार लोधी, रैकरा में पटवारी सत्यम पटेल, कुंवरपुर में राजस्व निरीक्षक ओमकार सिंह, कोनी में कृषि विस्तार अधिकारी शालिगराम अहिरवार, सिंगवारा में पटवारी वैभव कुमार पाठक, फतेहपुर में कृषि विस्तार अधिकारी नितिन मौर्य, रैपुरा में कृषि विस्तार अधिकारी धरमदास मुण्डा, बिसानी में कृषि विस्तार अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, शाहनगर में कृषि विस्तार अधिकारी बलराम अहिरवार, अजयगढ़ में कृषि विस्तार अधिकारी विनोद कुमार यादव, बनहरीकला में कृषि विस्तार अधिकारी दीपक मंडलोई, शानगुरैया में कृषि विस्तार अधिकारी प्रकाश वर्मा और धरमपुर में कृषि विस्तार अधिकारी रामविजय लोधी की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन नियमित रूप से आवंटित पंजीयन केन्द्रों का भ्रमण व निरीक्षण कर पंजीयन कार्य में संपूर्ण नियंत्रण रखने तथा शासन द्वारा जारी पंजीयन नीति अनुसार किसानों का पंजीयन कार्य सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही निरीक्षण रिपोर्ट एसडीएम को प्रेषित कर पंजीयन में आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए गए हैं।

# मृतक राजू के परिवार को पत्रकारों ने पहुंचाई बानवें हजार की सहायता राशि

**पन्ना।** पन्ना नगर के रानीबाग में विगत दिनों विद्युत करंट से काल के गाल में समाए रामलोचन यादव उर्फ राजू के बारे में जब पत्रकारों को पता चला कि मृतक के 5 छोटी-छोटी बेटियां और 1 बेटा एवं लकवा ग्रस्त बुजुर्ग पिता है, परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है कमाने वाला एकलौता राजू था जिसकी करंट से मृत्यु हो गई, ऐसे में पत्रकारों ने परिवार के सहयोग का निर्णय लिया, वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा, संजय सिंह राजपूत, टाइगर खान और राजेश रावत ने सोशल मीडिया में संदेश प्रसारित किया, जिससे पत्रकारों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और अधिकारी कर्मचारियों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाना शुरू किया, 24 घंटे में ही 92 हजार 704 रुपए की सहयोग राशि एकत्र हो गई जो 19 सितंबर को पत्रकारों ने पीड़ित परिवार के घर लालिया में पहुंचकर मृतक की पत्नी विनीता यादव के खाते में राशि ट्रांसफर कर दी और हर संभव मदद का भरोसा दिया, मृतक के परिवार ने पत्रकारों एवं सहयोग करने वाले हर व्यक्ति के लिए आभार प्रकट किया। सहयोगियों में अश्वनी त्रिपाठी 10,000, देवेंद्र सिंह बबलू यादव 2500, डॉ पीके गुप्ता, शुभम शुक्ला, अमित गुप्ता, धनंजय श्रीवास्तव, डॉ एसके त्रिपाठी, मयंक राजा गुप्ता, बृजेंद्र मिश्रा डब्बू के द्वारा 2100-2100, शिवजीत सिंह भैया राजा, विमल यादव पटवारी 2000-2000, बबलू कुशवाहा, सिद्ध शरण वर्मा, मुकेश जैन, अनीता दिनेश शुक्ला, एसके समेले, बखत सिंह, संजय सोनी, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, आरिफ सिद्दीकी, रामशरण गोस्वामी, जागृत गुप्ता, राजेंद्र खटीक, घनश्याम दास शर्मा 1100-1100, प्रमोद सिंह ठाकुर, सीमा शिवाकांत बागरी, राजेंद्र सिंह सिमरदा, डॉ योगेंद्र चतुर्वेदी, आशीष यादव प्रशिक्षक, अनिल शर्मा, अजय शर्मा, जीतेश गुप्ता, विजय वाजपेई, समीना युसूफ बेग, राजेंद्र शर्मा, रोहित समारी चीटू 1000-1000, सौरभ साहू, राकेश शर्मा, टाइगर खान, संजय सिंह राजपूत, राजेश रावत, अरविंद यादव, दीपक उपाध्याय, रतिराम प्रजापति कोतवाली, वैभव थापक पार्षद, राजकुमार वर्मा, संदेश अग्रवाल, रजनीकांत उपाध्याय, मनीष मिश्रा, सतेन्द्र जैन, राकेश शर्मा लिपिक, प्रियांक चैके, शिवकिशोर पाण्डेय, अजय द्विवेदी, अशोक शाक्य, अजय पाठक, इन्द्रमणि पाण्डेय, अरुण शर्मा, सीमांत खरे, संदीप पाण्डेय, मनीष शर्मा, सुरेंद्र प्रताप, अर्जेद्र सिंह बुंदेला, रिशी मिश्रा, अर्चना पयासी, अर्पित चैरसिया, राज एक्सप्रेस, आदित्य नायक लकी, आरके द्विवेदी, सादिक खान, गोपाल मिश्रा, जावेद खान, आरपी प्रजापति, अनंतराम यादव, जानकी शरण शर्मा, बीएन जोशी, शशीकांत दिक्षित, संजय रैकवार, बृजेंद्र यादव, कमलाकांत मिश्रा, नईम खान, कुमार चैदहा, राज एक्सप्रेस, आशीष यादव, पवन पाठक, सुधीर गुप्ता, उर्मिला प्रधान आरक्षक, सर्वजीत सिंह गोपी भैया, इम्तियाज खान, सलीम खान प्रधान आरक्षक, बृजेंद्र गर्ग, योगेंद्र सिंह परमार, विवेक द्विवेदी कल्लू महाराज, जेपी अहिरवार, फूल सिंह त्यागी, आरबी सेंगर, राम बिहारी गोस्वामी 500-500, विनय कुशवाहा 300, हरि सिंह यादव 250, सुरेंद्र पाल अजयगढ़ 200, राजेंद्र सागर, समीर हुसैन 151-151, राजेंद्र सिंह अजयगढ़ 101 एवं रामेश्वर सिंह के द्वारा 51 रुपए का सहयोग प्रदान किया गया।

# धू-धू कर जली विश्वास कंपनी की यात्री बस, दमोह रोड कुआंखेड़ा के पास की घटना



**पन्ना।** इंदौर से कटनी की ओर जा रही विश्वास कंपनी की यात्री बस जो रैपुरा थाना अन्तर्गत कुआंखेड़ा मोड़ के पास टायर फट जाने से आग लग गई। आग इतनी ज्यादा फैल गई थी पूरी बस धू-धू कर जल गई वहीं बस कंडक्टर द्वारा बताया गया कि बस के फैन बेल्ट में कुछ समस्या आ रही थी। जिसके कारण यह घटना घटित हुई। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस कटनी नियत समय सुबह 7:00 बजे पहुंच जानी थी परंतु 2:00 बजे यह रैपुरा थाने से महज 4 किलोमीटर की दूरी मे कुआंखेड़ा के पास टायर फटने से आग लग गई। वही बस में मात्र दो ही यात्री सवार थे जिनको समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया। फिलहाल बस के ड्राइवर को मामूली चोट आई है वह टायर फटने की वजह से सीना के पास झुलस गया। जिसे रैपुरा थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर घायल बस ड्राइवर को अपनी गाड़ी में बैठकर रैपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए लाया गया। वहीं रैपुरा थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव की सूझबूझ के द्वारा दमोह कटनी रोड से आने जाने वाली सभी गाड़ियों को किनारे खड़ा कराया गया। जिससे किसी प्रकार की कोई घटना घटित ना हो वही बस कंडक्टर द्वारा बताया गया कि गाड़ी में पहले से ही खराबी थी जिसके कारण यह घटना घटित हुई।

# हत्या के आरोपीगणों को आजीवन कारावास की सजा

**पन्ना।** हत्या के तीन आरोपीयों को प्रथम अपर न्यायधीश इन्द्रजीत रघुवंशी की न्यायालय द्वारा अजीवन कारावास की सजा से दण्डि किया गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि दिनांक 09.08.2019 को पुलिस चौकी खोरा थाना धरमपुर में फरियादी शराफत हुसैन के बताए अनुसार इस आशय की देहाती नालसी लेख किया कि दिनांक 09.08.2019 को उसे करीब 11:00 बजे पता चला कि नाकी घाट रून्ज नदी में एक व्यक्ति की लाश पडी है, तब उसने पुलिस चौकी खोरा में मोबाइल से दरोगाजी को बताया जो मौके पर दरोगाजी आये, मृतक नदी के पानी में आधा पड़ा है, शव पुरूष का है बदन पर हल्के नीले रंग की शर्ट व कत्थई रंग की कपड़े की चड्डी पहने है। लाश सड़ गई है, बदबू दे रही है। करीब तीन चार दिन पुरानी लाश है, जिसका देहाती मर्ग पंजीबद्ध किया गया। तथा मामले मे यह सामने आया कि मृतक अज्ञात को गोली मारकर हत्या करना व पहचान नष्ट करने का प्रयास किया गया है। उक्त मामले मे पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया तथा मामले की विवेचना उपरांत अज्ञात आरोपीयो के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के बाद यह स्पष्ट हुआ कि दिनांक 18.11.2019 को थाना धरमपुर में मृतक की मां शिवदुलारी लोध ने इस आशय का लिखित आवेदन पेश किया कि वह ग्राम पवइया थाना बबेरू जिला बांदा उ.प्र. की है। उसका लडका राजेश राजपूत दिनांक 06.08.2019 को घर पवइया से बबुआ उर्फ वीरेन्द्र धोबी, घनश्याम धोबी निवासी पवइया साथ लेकर आये थे। उनके पुत्र राजेश के पास मोबाइल था जिसका नंबर 6391631347 था जो लगातार नागपंचमी के दूसरे दिन से बंद है। उसने दिनांक 02.11.2019 को थना बबेरू में लडके की गुमशुदगी की रिपोर्ट किया था। लडका राजेश की तलाशी करते करते पता चला कि थाना धरमपुर में रक्षाबंधन के पहले लाश मिली है, जिसके सम्बंध में जानकारी लेने आई है, विवेचना के दौरान थाना धरमपुर में मृतक की पहचान की गई। सुसंगगत साक्षीगण के कथन लेख किये गये। अभियुक्तगण की तलाश की गई एवं अभियुक्तगण बबुआ उर्फ वीरेन्द्र धोबी एवं मुन्ना उर्फ सीताराम धोबी को गिरफ्तारी पत्रक अनुसार गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत दिनांक 13.02.2020 को अभियुक्तगण के विरूद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजयगढ़ की न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से माननीय सत्र न्यायाधीश महोदय पन्ना को प्रकरण उपार्पित किया गया और हस्तगत प्रकरण इस न्यायालय को अंतरण पर प्राप्त हुआ। श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया।

## वन स्टॉप सेन्टर द्वारा अमानगंज में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**पन्ना।** वन स्टॉप सेन्टर पन्ना द्वारा शुक्रवार को 100 दिवसीय जागरूकता अभियान हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के तहत अमानगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सखी सेन्टर की प्रशासक कविता पाण्डेय एवं केस वर्कर शिवानी शर्मा ने अमानगंज के वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 में महिलाओं को विभागीय योजनाओं एवं सखी सेन्टर की गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही कानूनी सहायता प्राप्त करने और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी दी। सरस्वती उ.मा. विद्यालय में बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन एवं माहवारी तथा एनीमिया के बारे में जानकारी दी। उपस्थित छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और साईबर क्राइम में कानूनी सहायता प्राप्त करने के बारे में भी अवगत कराया गया।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब



**पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पवई मुकेश पाण्डेय द्वारा पन्ना अमानगंज मार्ग पर एक आरोपी को 300 पाव देशी सादा शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि विश्वस्त सूचक से सूचना मिली थी, कि पन्ना-अमानगंज मार्ग पर सड़क किनारे एक व्यक्ति एक बोरी में अवैध शराब लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना की पुष्टि किये जाने के उपरांत अनुबंधित वाहन से पन्ना-अमानगंज मार्ग पर पहुँचे तो एक व्यक्ति एक बोरी (झाल) में कुछ सामान रखे खड़ा था। उससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रामाधार पटेल पिता भगवान दास पटेल, उम्र 28 वर्ष निवासी कुम्हारी थाना पवई बताया। आरोपी के पास बोरी की विधिवत तलाशी लिए जाने पर खाकी रंग के कागज के छह कार्टूनों में 300 पाव अवैध देशी मदिरा सादा होना पाया गया। कुल मात्रा 54 लीटर कीमती 21000 रूपये अनुमानित बरामद की गयी। आरोपी के पास उक्त शराब के सम्बंध में कोई भी परमिट या लायसेंस नही पाया गया। अत: आरोपी को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में गिरफ्तार कर माननीय सीजेएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहाँ न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी के द्वारा अवैध शराब का कारोबार अपने साथी छोटू पटेल पिता पप्पू पटेल, उम्र 22 वर्ष निवासी कुम्हारी थाना पवई के साथ मिलकर किया जाता है। वह उक्त मार्ग पर उसी का इंतजार कर रहा था, इतने पकड़ा गया। प्रकरण की विवेचना जारी है, प्रकरण में और भी आरोपियों की संलिप्तता से इनकार नही किया जा सकता है। इस कार्यवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के हमराह स्टाफ में नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, श्रीमती कौशल्या बाई और सोनू बुंदेला, सुहेल खान सम्मिलित रहे।

नगर निगम रीवा की स्वच्छता टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत चलाया गया डोर टू डोर जागरूकता अभियान। इस अवसर पर आईईसी टीम, वॉर्ड दरोगा एवं रहवासी उपास्थित रहे।



## संत रविदास योजना से 150 युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

**रीवा।** अनुसूचित कल्याण विभाग जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। विभाग द्वारा संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना से जिले के अनुसूचित जाति के 150 युवाओं को स्वरोजगार का अवसर दिया जाएगा। इस संबंध में अन्त्यावसायी सहकारी समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमपी पाठक ने बताया कि योजना के तहत एक लाख रुपए से 50 लाख रुपए तक ऋण एवं अनुदान स्वरोजगार उद्यम की स्थापना के लिए दिया जाता है। इस योजना से खाद्य प्रसंस्करण कोल्ड स्टोरेज मिल्क प्रोसेसिंग, कृषि आधारित उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। सेवा के क्षेत्र में फुटकर व्यवसाय जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय तथा अन्य दुकानों के लिए एक लाख से 25 लाख रुपए तक की राशि का प्रावधान है।

श्री पाठक ने बताया कि अनुसूचित जाति के 18 से 45 आयु वर्ग के व्यक्ति योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक न हो। आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा समग्र आईडी प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। योजना का क्रियान्वयन बैंक के माध्यम से किया जा रहा है। हितग्राही को बैंकों द्वारा कार्यशील पूंजी और टर्म लोन पर सात वर्षों तक प्रतिवर्ष पाँच प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के लिए जनपद पंचायत रीवा में 20, रायपुर कर्चुलियान में 15, सिरमौर में 20, त्योंथर में 15, जवा में 15, गंगेव में 15, मऊगंज में 20, नईगढ़ी में 15 और हनुमना में 15 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री का पत्रकारों के हित में बड़ा निर्णय

## पत्रकार बीमा योजना में बढ़े हुए प्रीमियम का भार राज्य सरकार उठाएगी

### मुख्यमंत्री बीमा के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 25 सितम्बर तक

रीवा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारों के हित में संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा बढ़ायी गयी प्रीमियम राशि का भार राज्य सरकार द्वारा वहन करने का निर्णय लिया है। साथ ही बीमा के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख भी 20 सितम्बर से बढ़ाकर 25 सितम्बर कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, पत्रकार साथी दिन-रात एक करके विषम परिस्थितियों में देश और समाज की सेवा करते हैं। विभिन्न पत्रकार संगठनों द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया कि पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम में वृद्धि की गई है। अतः हमने निर्णय लिया है कि पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम की दरों में की गई वृद्धि का भार राज्य सरकार उठाएगी। योजना में शामिल होने वाले पत्रकारों से गत वर्षों की तरह ही प्रीमियम लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों बंधुओं के साथ हर कदम पर खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। बीमा योजना की पूरी जानकारी एवं संशोधित प्रीमियम चार्ट जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में आवेदन 30 सितंबर तक किये जा सकते हैं

रीवा

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन करने की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गयी है। इससे पूर्व इस योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित थी। उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत बीड़ी एवं खदान श्रमिक बहुल्य क्षेत्रों में अध्ययनरत श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थान में संपर्क कर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते हैं।

## धान एवं मोटे अनाजों के उपार्जन के लिए पंजीयन 4 अक्टूबर तक

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार तथा बाजरा का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है। ऑनलाइन पंजीयन 4 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि किसान ग्राम पंचायत कार्यालय के सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। एमपी किसान एप अपने एन्ड्रायड मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए का शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेज देकर 4 अक्टूबर तक उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि धान तथा मोटे अनाजों के उपार्जन के लिए पंजीयन कराने के लिए किसानों को अपने आधार कार्ड, बोये गए अनाज के रकबे की जानकारी के लिए ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार सीडेड बैंक खाते तथा बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नम्बर की जानकारी देना आवश्यक होगा। बैंक खाते के साथ-साथ बैंक का आईएफएससी कोड भी किसान अवश्य प्रस्तुत करें। उपार्जन से भुगतान के लिए जनधन खाते, अक्रिय बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। उपार्जन का भुगतान आधार संख्या तथा फोन नम्बर से जुड़े बैंक खाते से किया जाएगा।

किसानों का पंजीयन गिरदावरी के आधार पर किया जाएगा। पूर्व से पंजीकृत किसानों एवं नवीन किसानों की भूमि का रकबा, फसल एवं फसल की किस्म की जानकारी गिरदावरी से ली जायेगी। पंजीयन ओटीपी आधारित व्यवस्था से होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसान पंजीयन सिकमी/बटाईदार अनुबंध ही मान्य होंगे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में 152 बंदी हुए शामिल



**रीवा।** जिला साक्षरता मिशन तथा केन्द्रीय जेल रीवा के सहयोग से जेल में उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 152 बंदी शामिल हुए। परीक्षा देने के लिए जिला जेल में विशेष कक्षों में व्यवस्था की गयी। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि असाक्षर बंदियों को अक्षर ज्ञान कराने के लिए साक्षरता मिशन के तहत केन्द्रीय जेल में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें बड़ी संख्या में असाक्षर बंदी शामिल है। इनके मूल्यांकन के लिए गत दिवस परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी नीरज नयन अधिकारी तथा संख्याकीय अधिकारी राजेश शुक्ला द्वारा आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी। उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले तथा सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह ने परीक्षा कक्षाओं में सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किये।

## आईटीआई रीवा में प्लेसमेंट ड्राइव 24 सितम्बर को

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में 24 सितम्बर को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में वेलस्पॉन डक्टाइल आयरन पाइप लिमिटेड अंजर गुजरात द्वारा पात्र युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार का अवसर पाने के लिए आईटीआई के फिटर, इलेक्ट्रीशियन तथा मशीनिस्ट व्यवसाय के लिए पात्र युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित होने पर युवाओं को 18600 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने तथा अच्छा कार्य व्यवहार रहने पर वेतन 22800 रुपए प्रतिमाह कर दिया जाएगा। पात्र युवाओं का चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में शासकीय आईटीआई से 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थी तथा वर्ष 2024 के अंतिम वर्ष में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी प्लेसमेंट में शामिल होने के पात्र हैं।

## रीवा में जीएसटी विभाग की छापेमारी

### फर्जी कंपनी का भंडाफोड़, करोड़ों का टैक्स चोरी का मामला



**रीवा।** रीवा में जीएसटी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्जी कंपनी का भंडाफोड़ किया है। खाली भवन में संचालित इस कंपनी के जरिए करोड़ों रुपये का टैक्स चोरी किया जा रहा था।

मध्य प्रदेश के रीवा में शनिवार को जीएसटी विभाग की एक 15 सदस्यीय टीम ने जॉइंट कमिश्नर के नेतृत्व में छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, इस कार्रवाई का उद्देश्य फर्जी कंपनियों के जरिए जीएसटी चोरी की जानकारी की पुष्टि करना था। टीम ने एक निर्माणाधीन भवन में दस्तावेजों की गहन जांच की, जहां बताया जा रहा है कि खाली भवन को किराए पर लेकर टैक्स चोरी की जा रही थी। इस छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। रीवा शहर के पीटीएस मार्ग स्थित वरदान हॉस्पिटल के पास स्थित एक निर्माणाधीन भवन में दोपहर 3 बजे के आसपास कार्रवाई की गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हरियाणा की एक फर्म के नाम पर फर्जी कंपनी का संचालन किया जा रहा था। आरोप है कि इस कंपनी को केवल टैक्स चोरी के उद्देश्य से खोला गया था, जहां फर्जी इनवॉइस का उपयोग कर चोरी की गई राशि को उजागर नहीं होने दिया जा रहा था।

यह छापेमारी सतना से आई एंटी एवीजन की टीम द्वारा की गई थी। इसके अलावा, टीम ने इस भवन के अलावा दो अन्य फर्मों पर भी एक साथ दबिश दी, जिनके बारे में टैक्स चोरी और फर्जीवाड़े की सूचना मिली थी। यह कार्रवाई जॉइंट कमिश्नर गुढ़ और सर्विस टैक्स ऑफिसर सतना के निर्देशन में की गई।

## आत्मा योजना अन्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

रीवा

आत्मा योजना के तहत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। सर्वोत्तम कृषि संबंधी कार्यों हेतु कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन में नवाचार करने वाले प्रगतिशील कृषकों से 25 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा यूपी बागरी ने बताया कि जिला स्तर के पांच तथा विकासखण्ड स्तर के 45 कृषकों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रगतिशील कृषकों से अभिलेखीय आधार एवं क्रियान्वित गतिविधियों के फोटोग्राफ के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय में नियत तिथि तक जमा किये जा सकते हैं।

## कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 23 सितम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## शिवराजपुर में उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**रीवा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों से पात्र राशनकार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। मऊगंज तहसील के शिवराजपुर उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए प्रस्ताव 24 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत शिवराजपुर में संचालित उचित मूल्य दुकान के पुनः आवंटन तथा संचालन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। दुकान संचालन के लिए उपभोक्ता समिति, विपणन समिति, उत्पादक समिति, संसाधन समिति, बहुप्रयोजन समिति, महिला स्वसहायता समूह तथा संयुक्त वन प्रबंधन समिति आवेदन कर सकती हैं। इस संबंध में अन्य विवरण एसडीएम कार्यालय मऊगंज तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय खाद्य शाखा मऊगंज से प्राप्त किया जा सकता है।

## दिव्यांग परीक्षण शिविर आज

**रीवा।** जिला प्रशासन द्वारा एलिम्को जबलपुर एवं जिला निश्शक्त पुनर्वास केन्द्र के सहयोग से दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 23 सितम्बर से किया जाएगा। रीवा एवं मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत हितग्राहियों का चयन किया जाकर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम इकाई जबलपुर द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 23 सितम्बर को, केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 24 सितम्बर को, शा.उ. बालक हायर सेकण्डरी त्योंथर में 25 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सिरमौर में 26 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गंगेव में 27 सितम्बर को तथा मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक रीवा में 28 सितम्बर को दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी शिविरों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी बनाया है तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को शिविर आयोजन से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं। नगर निगम क्षेत्र के शिविर की संपूर्ण व्यवस्था के लिए आयुक्त नगर निगम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

## रोजगार मेला में 9 कंपनियों ने 152 युवाओं को दिया ऑफर लेटर, जेएनसीटी में हुआ था आयोजन

**रीवा।** रीवा में आयोजित रोजगार मेले में 9 कंपनियों ने 152 युवाओं का चयन किया है। मेले में विभिन्न कंपनियों ने अपनी-अपनी भर्तियों के लिए युवाओं का साक्षात्कार लिया और योग्य उम्मीदवारों को ऑफर लेटर प्रदान किए। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जेएनसीटी कॉलेज रतहरा में रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 243 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 152 युवक-युवतियों का चयन 9 प्रमुख कंपनियों द्वारा किया गया। यह मेला युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ, जहां उन्हें सीधे कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मेले में भाग लेने वाली कंपनियों ने उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, आयु, और पद के अनुसार उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन किया। चयन प्रक्रिया के बाद जीएमसी इंडिया लिमिटेड ने 15, केएसपीजी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड ने 2, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 14, और क्लासिक व्हील्स लिमिटेड ने 22 युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, प्रगतिशील बायोटेक रीवा ने 25, प्रगतिशील एग्रोटेक ने 36, एचडीएफसी लाइफ ने 15, प्रसाद फर्टिलाइजर ने 13 और स्वतंत्र माइक्रोफिन ने 10 युवाओं का चयन किया। जिला रोजगार कार्यालय और जेएनसीटी कॉलेज के अधिकारियों के महत्वपूर्ण सहयोग से इस मेले का सफल आयोजन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे और अधिक युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जा सकें। यह आयोजन न केवल युवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, बल्कि इससे कंपनियों को भी योग्य उम्मीदवारों का चयन करने का मौका मिला। रोजगार मेले की सफलता ने जिले में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## निर्माण कार्यों को टेण्डर अवधि में ही पूरा कराएं : कमिश्नर

### कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू के कार्यों की समीक्षा की




**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने लोक निर्माण विभाग पीआईयू के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि निर्माण एजेंसी के साथ-साथ संबंधित विभाग भी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें। निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद भूमि उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की है। राजस्व अधिकारियों से संपर्क करके निर्माण एजेंसी को भूमि उपलब्ध कराएं। भूमि न मिलने से कई निर्माण कार्य दो वर्ष से अधिक समय से शुरू नहीं हो पाए हैं। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। निर्माण कार्यों को टेण्डर में दी गई अवधि में ही पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कमिश्नर ने कहा कि उचेहरा, ढेरा, पैपखरा, मझगवां तथा रामपुर बघेलान में स्वीकृत शिक्षा विभाग के सीएम राइज स्कूल एवं अन्य शाला भवनों के निर्माण कार्य में देर हुई है। संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी और पीआईयू के कार्यपालन यंत्री निर्माण कार्यों की कठिनाई दूर करके इन्हें तत्काल शुरू कराएं। रामपुर नैकिन में सौ बिस्तर अस्पताल के लिए जमीन निर्धारित कर दी गई है। इसमें भी सात दिवस की समय-सीमा में निर्माण कार्य शुरू कराएं। जिन प्रकरणों में न्यायालय से स्थगन प्राप्त है उनमें भी त्वरित सुनवाई कराकर प्रकरणों का निराकरण कराएं। पूर्ण निर्माण कार्यों को संबंधित विभाग को हैण्डओवर करें। संयुक्त संचालक शिक्षा विभागीय निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करके हर माह प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा कटरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा आवासीय भवनों के निर्माण के लिए सात दिवस में जमीन उपलब्ध कराएं। बैठक में अधीक्षण यंत्री पीआईयू जीएस बघेल ने संभाग के सभी जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833